दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2020, आश्विन पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-231 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ठरकी डॉ. फारूख अबदुल्लाह कंपाउण्डर तो क्या वार्ड ब्वॉय बनने के भी काबिल नहीं है। जब भी मुंह खोलता है अनाप शनाप ही बोलता है। इस बुड़बक ने संसद में फिर एक बार बकवास की है। उसका कहना है कि सीमा विवाद के बावजूद जब भारत अपने पड़ौसी देश चीन के साथ बातचीत कर सकता है तो अन्य पड़ौसी देश से भी उसे बातचीत करनी चाहिए। जाहिर है उसका इशारा पाकिस्तान की तरफ ही है। पाकिस्तान परस्त फारूख अबदुल्लाह यह बात समझ लें कि पाकिस्तान से बात नहीं होगी क्योंकि वह लातों का भूत है जो लात खाने के ही काबिल है।

केंद्र के 1 नहीं 3 किसान विरोधी बिल के खिलाफ खुलेगा मोर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। 2500 रू. पर हमला किया। अब समर्थन मूल्य को नहीं बचाया। किसान कानून को लेकर कांग्रेस लगातार आक्रमक बनी हुयी है। आज विडियो कान्फ्रेंसिंग के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने ली प्रवक्ताओं और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक ली। प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरिश देवांगन, संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बैठक का शुरूआत करते हुये कहा कि राजीव भवन से राजभवन तक पैदल मार्च की ऐतिहासिक सफलता छत्तीसगढ़ के कांग्रेसजन बधाई के पात्र है। किसान विरोधी काले कानूनों के खिलाफ कांग्रेस के आंदोलन के आगे के चरणों की जानकारी देते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि 10 अक्टूबर को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश कांग्रेस के दिग्गजों ने किसान कानून को लेकर की बैठक में अहम फैसला

सीएम भूपेश हुए आक्रामक

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरी आक्रामकता से किसान विरोधी वाले कानूनों का निर्देश देते हुये सविस्तार किसान विरोधी काले कानूनों की हकीकत बेनकाब करने के निर्देश सभी प्रवक्ताओं और जिला कांग्रेस अध्यक्षों को दिये।

- प्रदेश प्रभारी पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मरकाम ने बनाई रणनीति
- 2 अक्टूबर गांधी जयंती से 31 अक्टूबर तक कांग्रेस चलाएगी हस्ताक्षर अभियान
- आक्रामक प्रदेश स्तरीय अभियान के बाद 10 अक्टूबर को होगा किसान सम्मेलन

2 अक्टूबर से घर-घर हस्ताक्षर अभियान

2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रदेश में घर-घर जाकर कांग्रेस कार्यकर्ता इन 3 किसान विरोधी काले कानूनों के खिलाफहस्ताक्षरअभियान चलायेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मोदी सरकार के इन तीनो कानूनों से किसानों के साथ आम आदमी को भी बड़ा नुकसान होगा। कुछ बड़े जमाखोर सारी आवश्यक वस्तुओं के रेट तय करेंगे। अंतर की राशि देकर राशन कार्ड व्यवस्था भी समाप्त करने की तैयारी में मोदी सरकार है।

खास खबर

सार्वजनिक उपक्रमों का उत्पादन 90 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावडेकर ने सार्वजनिक उद्योमों के प्रदर्शन पर बुधवार को एक सार पुस्तिका लॉन्च की। सार्वजनिक उपक्रमों को देश का गौरव बताते हुये श्री जावडेकर ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान भी इन कंपनियों ने बिजली, रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल और मिट्टी के तेल जैसे जरूरी उत्पादों की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की। अनलॉक के साथ अब सार्वजनिक कंपनियों का उत्पादन सामान्य दिनों की तुलना में 90 प्रतिशत पर पहुँच चुका है।

ओम बिरला के पिता का हुआ अंतिम संस्कार

कोटा (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पिता श्रीकृष्ण बिरला का बुधवार की सुबह यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रीकृष्ण बिरला की अंतिम यात्रा दादा बाड़ी से शुरु हुई और किशोरपुरा मुक्तिधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें उनके पुत्र राजेश बिरला और ओम बिरला ने मुखाग्नि दी।

अनलॉक 5: 15 अक्टूबर से सशर्त खुलेंगे सिनेमा हॉल

नई दिल्ली ए.। केंद्र सरकार ने बुधवार को अनलॉक 5 के लिए गाइडलाइंस जारी कर दीं। अनलॉक 5 की शुरुआत गुरुवार से होगी। इसके तहत सरकार ने सिनेमा हॉल, एंटरटेनमेंट पार्क, स्विमिंग पूल को 15 अक्टूबर से खोलने की अनुमति दे दी है। हालांकि, सिनेमा हॉल को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोलने की इजाजत दी गई है। स्कूलों और कोचिंग इंस्टीट्यूट्स को खोलने को लेकर 15 अक्टूबर के बाद राज्य सरकारें अपने हिसाब से फैसला कर सकेंगी।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 38067.93
निफ्टी- 11247.55
गोल्ड- 50623 (10 ग्रा.)
सिल्वर-61290 (1 कि ग्रा.)

बाबरी विध्वंस केस: 28 साल बाद 2300 पन्नों में आया फैसला

आडवाणी, जोशी, कल्याण समेत सभी 32 आरोपी बरी

लखनऊ ए.। 28 साल पुराने बाबरी विध्वंस केस में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने अंतिम फैसला सुनाते हुए सभी 32 आरोपियों को बरी कर दिया। सीबीआई कोर्ट के जज सुरेंद्र कुमार यादव ने 2300 पन्नों में इस ऐतिहासिक केस का फैसला लिखा। कोर्ट ने कहा कि बाबरी मस्जिद को साजिश के तहत नहीं गिराया गया था। यह अचानक हुई घटना थी। 06 दिसंबर 1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया था। इस घटना में 49 आरोपी थे। हालांकि 28 साल तक चली सुनवाई के दौरान 17 आरोपियों की मौत हो गई। बाकी बचे 32 आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया। 16 सितंबर को सुनवाई पूरी कर लेने के बाद सीबीआई कोर्ट के जज सुरेंद्र कुमार यादव ने अंतिम फैसले के लिए 30 सितंबर की तारीख तय की थी। उन्होंने सभी 32 आरोपियों को कोर्ट में मौजूद रहने के लिए कहा था। हालांकि 6 लोग स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कोर्ट में पेश नहीं हुए और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट की कार्यवाही से जुड़े। कोर्ट नहीं पहुंचने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन लोगों पर थे आरोप

बाबरी विध्वंस मामले में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुधीर कक्कड़, सतीश प्रधान, राम चंद्र खत्री, संतोष दुबे, ओम प्रकाश पांडे, कल्याण सिंह, उमा भारती, राम विलास वेदांती, विनय कटियार, प्रकाश शारना, गांधी यादव, जय भान सिंह, लल्लू सिंह, कमलेश त्रिपाठी, बृजभूषण सिंह, रामजी गुप्ता, महंत नृत्य गोपाल दास, चंपत राय, साक्षी महाराज, विनय कुमार राय, नवीन भाई शुक्ला, धर्मदास, जय भगवान गोयल, अमरनाथ गोयल, साध्वी ऋतंभरा, पवन पांडे, विजय बहादुर सिंह, आरएम श्रीवास्तव और धर्मेंद्र सिंह गुर्जर आरोपी थे।

17 आरोपियों की हो गई मौत

बाबरी विध्वंस केस के 17 आरोपियों की सुनवाई के दौरान ही मौत हो चुकी है. इनमें अशोक सिंघल, गिरिराज किशोर, विष्णु हरि डालमिया, मोरेश्वर सावे, महंत अवैद्यनाथ, महामंडलेश्वर जगदीश मुनि महाराज, बैकुंठ लाल शर्मा, परमहंस रामचंद्र दास, डॉ सतीश नागर, बालासाहेब ठाकरे, तत्कालीन एसएसपी डीबी राय, रमेश प्रताप सिंह, महात्यागी हरगोविंद सिंह, लक्ष्मी नारायण दास, राम नारायण दास और विनोद कुमार बंसल शामिल हैं।

फैसला गलत,उच्च न्यायालय में देंगे चुनौती: जिलानी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य ज़फ़रयाब जिलानी ने बाबरी विध्वंस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले को गलत ठहराते हुये कहा है कि अयोध्या के पीड़ित इसके खिलाफइलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। श्री जिलानी ने यूनीवार्ता से कहा हम सीबीआई कोर्ट के फैसले से इत्तेफ़ाक नहीं रखते। यह फैसला कानून के खिलाफहै। हम इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे।

फैसले का स्वागत, दिन खुशी का : आडवाणी

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, आज का निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हम सब के लिए खुशी का दिन है। लम्बे समय के बाद अच्छा समाचार आया है। हमने जय श्री राम कह कर इसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वह हृदय से इस फैसले का स्वागत करते हैं। यह फैसला श्री रामजन्म भूमि आंदोलन को लेकर मेरे निजी और भाजपा के विश्वास एवं प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। इस मामले के एक अन्य मुख्य आरोपी डॉ. मुरली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाथरस गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से सीएम योगी ने की बात

25 लाख, घर और नौकरी का ऐलान

देश भर में प्रदर्शन, कांग्रेस ने कहा- सीएम दें इस्तीफा

लखनऊ ए.। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की। बुधवार शाम को हुई बातचीत में सीएम योगी ने न्याय का भरोसा दिलाया। आज सुबह ही पीएम मोदी ने भी इस मामले पर सीएम योगी से बात कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही थी। इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने पीड़िता के परिजनों को 25 लाख रुपए की मदद, घर और सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया है। गैंगरेप पीड़िता की मौत और देर रात को हुए अंतिम संस्कार को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। वहीं राज्य की योगी सरकार विपक्ष के निशाने पर है। देर रात हुए अंतिम संस्कार को लेकर विपक्ष का कहना है कि पुलिस ने साक्ष्य को मिटाने के लिए परिजनों की गैरमौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया।

एसआईटी गठित

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में एसआईटी गठित करने का ऐलान किया है। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली इस तीन सदस्यीय टीम में डीआईजी चंद्र प्रकाश और आईपीएस अधिकारी पूनम को सदस्य बनाया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एडीजी ने बताया क्यों हुआ रात को अंतिम संस्कार

एडीजी प्रशांत कुमार ने कहा कि मंगलवार सुबह पीड़िता की मृत्यु हो गई थी। देर रात पोस्टमार्टम के बाद जब शव पहुंचा तो परिवार वालों की सहमति से और उनकी उपस्थिति में अंतिम संस्कार कराया गया था। प्रशांत कुमार ने कहा कि कुछ महिलाओं द्वारा आरोप लगाए हैं, परंतु सत्य यही है कि उनकी उपस्थिति से और सहमति से ही अंतिम संस्कार कराया गया था। शांति व्यवस्था के लिए वहां पुलिस उपस्थित थी। एडीजी ने कहा कि पीड़िता की डेड बॉडी खराब हो रही थी।

इस्तीफा दें योगी आदित्यनाथ: राहुल-प्रियंका

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा उत्तर प्रदेश की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाथरस में एक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना तथा इससे जुड़े तथ्यों को दबाने को अत्यधिक गंभीर अपराध बताते हुए राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस्तीफा देने की मांग की है। श्री गांधी ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा भारत की एक बेटी का रेप-क़त्ल किया जाता है, तथ्य दबाए जाते हैं और अन्त में उसके परिवार से अंतिम संस्कार का हक़ भी छीन लिया जाता है। ये अपमानजनक और अन्यायपूर्ण है। श्रीमती वाड्रा रात को ढाई बजे परिजन गिड़गिड़ाते रहे लेकिन हाथरस की पीड़िता के शरीर को उत्तर प्रदेश प्रशासन ने जबरन जला दिया।

मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर से नहीं हटेगी ईदगाह

कोर्ट ने खारिज की याचिका

मथुरा ए.। उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद सिविल कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। सिविल जज सीनियर डिवीजन छाया शर्मा ने याचिकाकर्ताओं की सभी दलीलें अस्वीकार कर दी। वकील हरिशंकर जैन व विष्णुशंकर जैन ने 57 पेज के दावे में 1968 के समझौते को चुनौती दी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इस याचिका में 13.37 एकड़ जगह का मालिकाना हक और ईदगाह हटाए जाने की मांग के साथ अदालत में याचिका दाखिल की गई थी। इसमें श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान, ईदगाह ट्रस्ट और सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड को प्रतिवादी बनाया गया था।

यूपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा टालने से सुको का इनकार

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कोरोना महामारी के कारण देर से आयोजित हो रही संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा को चार अक्टूबर से और आगे बढ़ाने से बुधवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आयोग की ओर से दी गयी दलीलों पर भरोसा जताते हुए यूपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा के 20 उम्मीदवारों की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी। आयोग ने दलील दी थी कि अब परीक्षा टालने का असर अगले साल की परीक्षा पर भी पड़ेगा। इतना ही नहीं इस परीक्षा के आयोजन की सारी तैयारियों की जा चुकी हैं और अब इसे यदि टाला गया तो

आयोग को करोड़ों रुपये की चपत लगेगी। आयोग की ओर से कहा गया कि परीक्षा उम्मीदवारों की स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सभी उचित उपाय किये गये हैं।

दबाव में झुकी उद्धव सरकार

नया कृषि कानून लागू करने का आदेश लिया वापस

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस की तरफ से कैबिनेट बैठक के बहिष्कार की धमकी के बाद महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को नए कृषि कानून लागू करने का अगस्त महीने में दिया अपना आदेश वापस ले लिया है। राज्य सरकार में सहयोगी कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की तरफ से महाराष्ट्र में कृषि कानूनों का विरोध कर इसे 'किसान विरोधी' कहने के बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली सरकार कृषि सुधार कानूनों को लागू करने को लेकर असमंजस में है। हाल ही में संसद के दोनों सदनों में इस कानून को भारी विरोध के बीच पास कराया गया। पिछले हफ्ते, महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजीत पवार ने ऐलान किया था कि राज्य सरकार कृषि सुधार कानूनों को राज्य में लागू नहीं करेगी।

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

बालासोर (वार्ता)। सतह से सतह पर मार करने वाले सुपरसोनिक क्रूज मीडियम रेंज मिसाइल ब्रह्मोस के विस्तारित संस्करण का बुधवार को यहां ओडिशा तट पर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सफल परीक्षण किया गया। भारत और रूस ने इसे संयुक्त रूप से विकसित किया है।

अग्नि के सिद्धांत पर काम करने वाली और 450 किमी की रेंज वाली यह मिसाइल, 200 किलो तक के पारंपरिक वारहेड ले जाने की क्षमता रखती है। यह मिसाइल का 1027 बजे आईटीआर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स - 3 से दागी गई। नौ मीटर लंबी और 670 मिमी व्यास वाली मिसाइल का कुल वजन लगभग तीन टन है।

यह एक जहाज से दागे जाने पर ध्वनि की गति से दोगुनी गति से 14 किमी की ऊँचाई तक जा सकती है। यह एक ठोस प्रणोदक द्वारा चार्ज की जाती है और 20 किमी की दूरी पर अपना मार्ग बदल सकती है।ब्रह्मोस दो नदियों, भारत के ब्रह्मपुत्र और रूस के मोस्कवा के नाम पर रखा गया है। उपयोगकर्ता-परिनियोजन कॉन्फ़िगरेशन में किए गए परीक्षण ने सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया।

यूएस इलेक्शन — 48% ने बाइडेन के पक्ष में जबकि 41% लोगों ने कहा कि ट्रंप बहस में आगे

पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडेन से पिछड़े ट्रंप : सर्वेक्षण

वॉशिंगटन ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद हुए फटाफट सर्वेक्षण में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पछिड़ते नजर आ रहे हैं। सीबीएस न्यूज के सर्वेक्षण में 48 फीसदी लोगों ने कहा कि बाइडेन ने डिबेट में जीत दर्ज की, वहीं 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप बहस में आगे रहे। इस सर्वेक्षण में बहस देखने वाले 10 में से 8 लोगों ने कहा कि पूरी बहस निगेटिव थी।

प्रेसिडेंशियल डिबेट देखने के बाद अच्छा या खराब महसूस करने के सवाल पर 69 प्रतिशत लोगों ने इसे लेकर नाराजगी जताई। दर्शकों की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय पर सामने आई है जब दोनों नेताओं के बीच

बहस के दौरान तनाव साफ नजर आया। बहस के दौरान दोनों ही नेताओं ने एक-दूसरे की बात को बीच में काट कर अपनी बात कहनी शुरू कर दी। एक समय स्थिति ऐसी आ गई कि जब बाइडेन भड़क गए और उन्होंने कहा, 'क्या आप चुप रहेंगे।

'ट्रंप आप अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति'

बाइडेन ने कहा कि अब तक यहां पर ट्रंप जो कुछ भी कह रहे हैं, वह सब सफेद झूठ है। मैं यहां पर इनके झूठ को बताने के लिए नहीं आया हूं। सभी जानते हैं कि ट्रंप एक झूठे हैं।' बाइडेन और ट्रंप दोनों ने एक-दूसरे के परिवार को लेकर निशाना साधा। बाइडेन ने कोरोना वायरस को लेकर भी बहस के दौरान ट्रंप पर जमकर हमला बोला। बाइडेन ने कहा कि यह वही (ट्रंप) व्यक्ति हैं जो यह दावा कर रहे थे कि ईस्टर तक कोरोना वायरस खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बड़ी संख्या में लोग मारे गए और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रख्यात ऑस्ट्रेलियाई गायिका हेलेन रेड्डी का निधन

वाशिंगटन (वार्ता)। अपने नारीवादी गान 'आई एम वुमन' के लिए प्रख्यात ऑस्ट्रेलियाई गायिका हेलेन रेड्डी का निधन हो गया है। वह 78 वर्ष की थीं। हेलेन के परिवार ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। हेलेन को 2015 में डिमेंशिया का पता चला था और उन्होंने अपने जीवन के अंतिम वर्ष लॉस एंजिलिस में एक सेलिब्रिटी केयर होम में बिताये। वर्ष 1960 और 70 के दशक में वह अपनी लोकप्रियता के चरम पर थीं, जब उनके कई पॉप और रॉक गाने हिट हुए लेकिन उन्हें सर्वाधिक प्रसिद्धि 1972 के 'आई एम वुमन' गीत से मिली जो 1970 के दशक में महिला मुक्ति आंदोलन का प्रमुख गान बन गयी। दुनिया भर में इस गाने के लाखों एलबम बिके जिससे हेलेन का गाना दो वर्ष तक विश्व में सबसे अधिक बिकने वाला गाना बना रहा।

न्यूज गैलरी

कर्मचारी आज मनाएंगे काला दिवस

दुर्ग। स्थित बीएसएनएल के क्षेत्रीय कार्यालय में 4 जी स्पेक्ट्रम की मांग को लेकर एक दिवसीय आंदोलन किया जाएगा। बीएसएनएल द्वारा 4 जी सर्विस के लिए उपकरण खरीदी के टेंडर को निरस्त कर दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि कंपनी को बीमार बनाकर बेचने की साजिश की जा रही है। आंदोलन के संयोजक रवि भट्ट ने बताया कि सरकार ने बीएसएनएल को रिवाइवल पैकेज देने की घोषणा 10 माह पहले की थी। 79 हजार कर्मचारियों को वीआरएस देकर घर भेजने से संतुष्टि पूर्ण सेवा प्रदान करने में काफी कठिनाई हो रही है। 4 जी सेवा चालू करने में और ज्यादा देर करने से कंपनी की आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। इसके विरोध में बीएसएनएल के यूनियन, एसोसिएशन संयुक्त रूप से काली पट्टी लगाकर ड्यूटी करेंगे। भोजनावकाश के दौरान मेनगेट पर एकत्रित होकर प्रदर्शन व नारेबाजी करेंगे।

उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही

भिलाई.03। निगम क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए जिलाधीश द्वारा पूर्ण लॉकडाऊन के दौरान कुछ व्यवसायी नियम कानून को ताक में रखकर व्यवसाय कर रहे थे। जिसका पता चलते ही निगम आयुक्त कीर्तीमान सिंह राठौर द्वारा गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए समस्त व्यवसायिक दुकानों को बंद कराया। भिलाई.03 में जीई रोड किनारे किराना व्यवसायी धड़ल्ले से व्यवसाय कर रहे थे जिसे निगम टीम द्वारा शील किया गया। इसी क्रम में शांति नगर, भिलाई.03 में दो दुकानदारों से 2.2 हजार एवं एक मछली व्यवसायी से एक हजार रूपये का आर्थिक दण्ड राशि वसूल करए कड़ी चेतावनी दी गई। निगम की टीम पूरी तत्परता से पूरे निगम क्षेत्र में लॉकडाऊन का पालन कराते रहे हैं। इस दौरान सहायक लेखाधिकारी राजकुमार देवांगन, जनसंपर्क प्रभारी राजू वर्मा, यशवंत ठाकुर, कन्हैया सोनी, लाला राम साहू आदि उपस्थित थे।

17 से वसूला गया 2600 जुर्माना

भिलाई। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने लाकडाउन का उल्लंघन करने वाले 17 लोगों से 26 सौ जुर्माना वसूला। कुछ दुकानदार लाकडाउन में दुकान खोलकर खाद्य सामग्री बेच रहे थे। छूट प्राप्त कुछ दुकानदार बिना मास्क के ग्राहकों को दवाइयां दे रहे थे। उन सभी दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। जोन.1 की टीम ने 10 लोगों से 5 हजार जुर्माना, जोन.2 की टीम ने सार्वजनिक स्थान पर मास्क नहीं पहनने पर एक व्यक्ति से 100 रुपएए जोन .4 की टीम ने दो लोगों से 11 सौ और जोन.5 की टीम ने चार लोगों से 9 सौ जुर्माना वसूला। निगम की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया टोटल लॉकडाउन में दुकानें बंद पाई गई।

प्राचार्यों एवं निकाय अधिकारियों को दिए निर्देश

सबसे अच्छे स्कूलों का भ्रमण कर इंग्लिश मीडियम स्कूल को बनाएं सबसे उम्दा : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासन की मंशा है कि जिले में आरंभ होने वाले इंग्लिश मीडियम स्कूल हर मायने में सबसे उम्दा हों। चाहे शैक्षणिक गुणवत्ता का विषय हो अथवा अधोसंरचना का स्तर होए किसी भी मायने में गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। यह निर्देश कलेक्टर डॉण् सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने प्राचार्यों एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इंग्लिश मीडियम स्कूलों में दीगर स्कूलों में प्रचलित सबसे अच्छी प्रैक्टिस अपनाना है। इसके लिए निजी प्राइवेट स्कूलों का भी निरीक्षण करें। इनमें से हर स्कूल में कुछ अनूठा प्रयोग दिख जाता है। जब हम मुकम्मल रूप से पूरा स्कूल अधोसंरचना के मामले में तैयार कर लें तो इन विशेषताओं को भी शामिल करें। कलेक्टर ने दिये ये निर्देश रीडिंग कार्नर हो हवादार. कलेक्टर ने कहा कि रिनोवेशन के वक्त कुछ बुनियादी बातें ध्यान रहें। हम लाइब्रेरी पर काफी जोर दे रहे हैं। इनमें टैक्स्ट बुक के अलावा अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें रख रहे हैं। इसका मकसद यह है कि बच्चों की रुचि पढ़ने में बढ़े। इससे उनकी कल्पनाशीलता का विस्तार होगा। इसके लिए लाइब्रेरी की वास्तु उसी तरह से होनी चाहिए। यह काफी खुली.खुली हवादार होनी चाहिए। इससे लागत भी घटती है। कमरा अधिक रौशन हो जाता है। खुले.खुले वातावरण में पढ़ना ज्यादा रोचक हो जाता है। इसके मुताबिक ही फर्नीचर आदि का चयन भी करें। कोशिश यह हो कि टैक्स्ट बुक के साथ ही बच्चों को ऐसी किताबें भी उपलब्ध कराएं जो उन्हें बाल साहित्य की दुनिया की समृद्धि को दिखाये। वे साइंस में हो रहे कमाल भी इन किताबों के माध्यम से जान सकें। इसी तरह का हो प्ले कार्नर भी . कलेक्टर ने कहा कि प्राइमरी लेवल से यह कक्षाएं शुरू होंगी। बच्चों को स्कूल को सीखने का बेहतरीन स्थान बनाने और खुश रहने की जगह बनाने के लिए बच्चों की स्पोर्ट्स एक्टिविटी भी रखनी जरूरी है। इसके लिए प्ले कार्नर जैसे जगह भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में देखें कि निजी स्कूल किस तरह से यह कार्य कर रहे हैं। साइंस लैब में अब काफी सारी नई चीजें जुड़ चुकी हैं। प्रायोगिक रूप से सैद्धांतिक बातों को समझना दिलचस्प अनुभव होता है। दुर्ग जिले में वैसे भी साइंटिफिक माडल को लेकर बच्चों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। जितने अच्छे लैब होंगेए उतना ही बच्चों को साइंस की समझ बढ़ेगी। इसके लिए किस तरह के प्लेटफार्म आदि तैयार करना है। प्राचार्य निगम अधिकारियों को फीडबैक दें।

आनलाइन क्लास केंद्रीकृत

फिलहाल इंग्लिश मीडियम स्कूलों में आनलाइन क्लास चलाई जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि इसे दुर्ग से केंद्रीकृत करें। इसकी गुणवत्ता के संबंध में लगातार मानिटरिंग करते रहे। उन्होंने बच्चों को दिये जाने वाले टैक्स्ट बुक आदि की जानकारी भी ली।

शिकायत पर स्थल पहुंचकर लिया सफाई का जायजा

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने लगाई फटकार

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे उन क्षेत्रों तक पहुच रहें जहां ठीक से सफाई नहीं हाने की शिकायतें मिल रही है। अचानक आशीष नगर पहुंचे। घंटे भर तक खड़े होकर सफाई गैंग द्वारा किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किए। दरअसल कुछ दिनों से नागरिक क्षेत्र में ठीक से सफाई नहीं होने की बात कह रहें थें। शिकायत का निराकरण करने आयुक्त स्वयं स्थल निरीक्षण किए। इस दौरान आशीष नगर सड़क 21 से 24 तक पैदल ही घुमें। स्थानीय लोगों से बातचीत कर गीला एवं सूखा कचरा अलग.अलग करने की समझाईश दी। साथ ही घरों से निकलने वाले कचरे को सड़क व नाली में फेकने पर जुर्माना लिए जाने की जानकारी दी। कोविड.19 के तहत लॉकडाउन में निगम आयुक्त ने क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चला रहें है। वहीं कोरोना संक्रमितों के निवास स्थान व आस पास सेनेटाइजिंग करने 2 ट्रेक्टर व 25 लोगों की टीम लगाई गई है। हर दिन 200 से 250 घरों का सेनेटाइज हो रहा है। अब तक निगम क्षेत्र में 723 कोरोना संक्रमित मिले है। इसमें 24 उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। वहीं 308 लोग घर पर अलग से रहते स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। आशीष नगर में सफाई कार्य का निरीक्षण कर लॉकडाउन का जायजा लिया। इस दौरान आशीष नगर में निर्धारित समय के बाद भी दूध बेचे जाने पर फटकार लगाते तत्काल काउंटर को बंद कराया।

जनभावनाओं के अनुरूप संवरेगी तस्वीर : वोरा

कल 130 करोड़ के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग शहर के विकास के लिए 130 करोड़ के कार्यों का ई भूमिपूजन करेंगे। भूमिपूजन से पहले विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने पीडब्लूडी और नगर निगम के अफसरों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। होने वाले विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। विधायक और महापौर ने सबसे पहले 14 करोड़ के ठगड़ा बांध सौंदर्यीकरण स्थल पर पहुंचकर भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए हो रही व्यवस्था और निर्माण कार्य की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग.भिलाई के मध्य स्थित ठगड़ा बांध को वृहद स्तर पर पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने जॉगिंग व साइकिल ट्रैकए आइलैंड निर्माण व फूड कोर्टए उद्यान व सैंड बीच बनाया जाएगा। यहां बच्चोंए बुजुर्गों सहित सभी वर्ग के लोग ग्रीन सिटी का अनुभव करेंगे। विधायक वोरा ने एसएएफ बटालियन से मिनीमाता चौक तक 68 करोड़ के मार्ग सौंदर्यीकरण व पुलगांव से अंजोरा तक 56 करोड़ के सिक्स लेन मार्ग निर्माण का निरीक्षण भी किया। पीडब्लूडी के कार्यपालन अभियंता अशोक श्रीवास ने बताया कि नेहरू नगर चौक से मिनीमाता चौक तक न सिर्फ मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगाए बल्कि 2n5 मीटर चौड़े फुटपाथ व सायकल ट्रैक का निर्माण करने के साथ दोनों ओर नाली निर्माण व सभी चौराहों का सौंदर्यीकरण भी होगा। वोरा ने कहा कि दुर्ग शहर का स्वरूप जनभावनाओं के अनुरूप बदला जाएगा। शहर को स्मार्टए क्लीन.ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।

निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर रहे अधिकारी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत कोरोना की जांच के लिए जिला प्रशासन द्वारा फीवर क्लीनिक में व्यवस्था की गई है। जहां पर कोरोना के लक्षण आने पर जांच कराया जा सकता है। आयुक्त सह नोडल अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर प्रतिदिन जोन आयुक्तों द्वारा फीवर क्लीनिक की रिपोर्ट तैयार की जा रही है! आयुक्त रघुवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान न आए इस संबंध में किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर तत्काल इसकी सूचना देवे। फीवर क्लिनिक के निरीक्षण में जोन के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट में हॉस्पिटल निरीक्षण का समय, खुलने का समय, स्टॉफ की उपस्थिति, अनुपस्थित, जांच कराए गए व्यक्तियों की संख्या, जांच प्रारंभ होने का समय, जांच के लिए कुल प्राप्त फार्म की संख्या, पॉजिटिव केस, नेगेटिव केस, ड्यूटी में उपस्थित चिकित्सक द्वारा जारी रिपोर्ट, मेडिकल किट जारी किए जाने वालों की संख्या, हॉस्पिटल से रेफर होने वाले की संख्या, होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों की संख्या, इत्यादि की जानकारी प्रतिदिन एकत्रित की जा रही है। नोडल अधिकारी रघुवंशी ने शहर में संचालित फीवर क्लीनिक में कोरोना की जांच की समय अवधि में वृद्धि की है! नागरिकों को सुविधा देने के उद्देश्य से प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रथम पाली में तथा दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक द्वितीय पाली में कोरोना टेस्टिंग एवं सैंपल लेने का कार्य किया जाएगा। निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित फीवर क्लीनिक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठ धाम, कोसानगर, छावनी, खुर्सीपार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहका, वैशाली नगर, जुनवानी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बापू नगर में संचालित है।

होम आइसोलेशन का नियम तोड़ा तो लगेगा जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। लॉकडाउन के अंतिम दिन नियम तोड़ने वालों से रिसाली निगम के अधिकारी सख्ती से पेश आए। कुल 10 हजार 4 सौ जुर्माना वसूला। इसमें दुकान संचालक व आम नागरिक शामिल है। पूर्ण लॉकडाउन के अंतिम दिन आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे व नोडल अधिकारी रमाकांत साहू अलग.अलग क्षेत्र का दौरा किया। राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व निरीक्षक विनोद शुक्ला, रामेश्वर निषाद, टेकराम हरिन्द्रवार की टीम स्टेशन मरोदा, नेवई क्षेत्र भ्रमण करने के बाद मार्केट पहुंची थी। यहां आईआईआईएफएल गोल्ड और जन्नत किराना दुकान खुला होने पर 5.5 हजार जुर्माना वसूला। इसी तरह बिना मास्क पहनकर घरों से निकलने पर 2 लोगों से 4 सौ जुर्माना वसूला। भ्रमण के दौरान तालाब में मछली पकड़ने वालों का जमघट होने पर निगम के कर्मचारियों ने भीड़ को हटाया। वहीं दो युवकों के साथ टीम के सदस्य सख्ती से पेश आए। लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन करने पर दण्ड बैठक कराया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संपूर्ण जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित किया था।

टीम में शामिल करने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भाजपा जिलाध्यक्ष उषा टावरी को प्रदेश भाजपा द्वारा घोषित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की सूची में प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर एवं पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर व वरिष्ठ नेता राकेश पांडेय को कार्यकरिणी सदस्य तथा पूर्व महापौर शिवकुमार तमेर को विशेष आमंत्रित सदस्य घोषित किए जाने से जिले के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है तथा लॉकडॉउन के चलते ज्यादातर नेताओ व कार्यकर्ताओं में अपनी खुशी जाहिर करते हुए अपनी बधाई प्रेषित की है तथा इस नियुक्ति के लिए भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट की है। इसी कड़ी में आज भाजपा भाजयुमो के प्रमुख नेताओ ने नवनियुक्त प्रदेश मंत्री उषा टावरी के घर जाकर भी उन्हें फूल माला व बुके भेंटकर बधाइयां देते हुए इसे महिला सशक्तीकरण कि दिशा में एक और कदम बताया है और इस नियुक्ति को जिले के लिए एक उपलब्धि निरूपित किया है। बधाई देने वालो में प्रमुख रुप से वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष कांतिलाल जैन, भाजयुमो अध्यक्ष दिनेश देवांगन, जितेंद्र साहू, अनूप गटागट, नितेश साहू, राहुल पंडित, राजा महोबिया, गौरव शर्मा आशीष खंडेलवाल, आशीष निमजे, लालचंद साहू, नीरज पांडे आदि उपस्थित थे।

होम आइसोलेशन अवधि में बाहर निकलना वर्जित

होम आइसोलेशन में रह रहा मरीज चिकित्सक की बिना अनुमति सिटी स्कैन सेंटर पहुंचा तो दर्ज होगी एफआईआर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना पॉजिटिव पाए गए नागरिक 17 दिन की आइसोलेशन अवधि में यदि उनकी स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग कर रहे होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर के डॉक्टर की अनुमति के बगैर सिटी स्कैन कराने पहुंचे तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी साथ ही टेस्ट कराने वाले सेंटर पर भी कार्रवाई की जाएगी। आइसोलेशन अवधि में घर से बाहर निकलना वर्जित है। होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम लगातार मरीजों की स्थिति की मॉनिटरिंग करता है।

आपात स्थिति होने पर मरीज को हॉस्पिटल रेफेर करने का निर्णय लिया जाता है। एक बार पॉजिटिव पाए जाने के बाद मरीज की दुबारा टेस्टिंग की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में आइसोलेशन अवधि पूरी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें रिकवर्ड सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

अक्टूबर में मिले 2 माह का चावल : वर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के चलते 2 सितंबर को अचानक लॉकडाउन लगाना पड़ा जिसके कारण अनेकों गरीब परिवार माह सितंबर का चावल एवं केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही अतिरिक्त चावल का उठाव नहीं कर पाए। श्री वर्मा सहित भाजपा पार्षददल गायत्री साहू, काशीराम कोसरे, चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, चमेली साहू, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, नरेश तेजवानी, ओमप्रकाश राकेश सेन, पुष्पा गुलाब वर्मा, शशिद्वारिका साहू, कुमारी साहू एवं हेमा जगदीश शर्मा ने जिला कलेक्टर को आयुक्त के माध्यम से पत्र प्रेषित कर मांग की है कि जिला प्रशासन के द्वारा अचानक निर्णय लेते हुए 2 दिन के भीतर 20 सितंबर को लॉकडाउन लगा दिया गया था। जिसके कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन दुकानों को भी बंद कर दिया। जिससे समय कम होने के कारण शहर के लगभग 50 हजार बीपीएल एवं एपीएल हितग्राही राशन लेने से वंचित रह गए। पार्षद दल ने आगे कहा कि लगातार प्रतिमाह लॉकडाउन के कारण रोज कमा कर जीवन यापन करने वाले बहुत बड़े वर्ग के समक्ष रोजी.रोटी की समस्या विकराल होकर खड़ी हुई है, ऐसे में अचानक लॉकडाउन लगने के कारण लोग अपना शासकीय उचित मूल्य का राशन नहीं ले पाए।

संयंत्र के विभिन्न इलाके सरंक्षित क्षेत्र घोषित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों को सरंक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें संयंत्र के आंतरिक परिक्षेत्र एवं भिलाई नगर रहवासी क्षेत्रों के महत्वपूर्ण स्थलों को सरंक्षित क्षेत्र को राज्य सरकार द्वारा घोषित किया गया है। भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों जैसे ओवरहेड टैंक, जल आपूर्ति पम्प हाउस, सीवरेज, विद्युत ट्रांसफार्मर उप केन्द्रों, सार्वजनिक भवनों, प्रशासनिक भवनों, नगर सेवाएँ विभाग, परियोजनाएँ विस्तार भवन, मानव संसाधन विकास विभाग, भिलाई निवास, मरौदा टैंक जोन-6, ऑग्जीलियरी प्लांट, डिस्पोजल स्टोर, फॉयर ब्रिगेड, पुरैना चेक पोस्ट, पाली क्लोरीनेटेड बाय फिनायल यूनिट, सिक्योर्ड लैंडफिल एवं बोरिया स्टोरेज कॉम्प्लेक्स को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसी के साथ टाउनशिप के डायरेक्टर बंग्ला, रशियन कॉम्प्लेक्स, मैत्रीबाग, पेस्ट कंट्रोल कार्यालय, पीएचडी, सेक्टर-5, स्वास्थ्य केन्द्र सेक्टर-01, जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भिलाई प्रबंधन विकास केन्द्र, पीएचडी कार्यालय, सेक्टर-08, नेहरु साँस्कृतिक सदन एवं जयंती स्टेडियम सहित टाउनशिप के अन्य भवनों व क्षेत्रों को भी संरक्षित क्षेत्र घोषित किया। आदेश कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को पारित किया गया है जिसकी वैधता एक वर्ष की है।

कीर्तिमान... चुनौतीपूर्ण कार्य को संयंत्र के कर्मचारियों ने दिया अंजाम....

एसएमएस-3 ने मासिक उत्पादन का रचा नया रिकॉर्ड

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने महीना पूरा होने के दो दिन पहले 28 सितम्बर, 2020 को अपने ही बनाए हुए सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए एक नया उत्पादन रिकॉर्ड बनाने में सफल हुआ है। इस नये रिकॉर्ड के तहत एसएमएस-3 ने, जुलाई, 2020 में 1,64,682 टन क्रूड इस्पात के अधिकतम उत्पादन के आँकड़े को पार करते हुए 28 सितम्बर, 2020 तक 1,72,217 टन क्रूड इस्पात का मासिक संचयी उत्पादन दर्ज किया है। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के तीन कास्टरों में से दो बिलेट कास्टर और एक ब्लूम कास्टर हैं। बिलेट कास्टर सीके-2 ने भी अगस्त, 2020 में 48,508 टन मासिक कास्टिंग का अधिकतम रिकॉर्ड दर्ज किया था, जिसे पार करते हुए 28 सितम्बर, 2020 तक 58,082 टन सर्वश्रेष्ठ मासिक संचयी उत्पादन दर्ज किया है। विदित हो कि एसएमएस-3 द्वारा बार एवं रॉड मिल, वायर रॉड मिल और मर्चेंट मिल को बिलेट तथा यूनिवर्सल रेल मिल को ब्लूम्स की आपूर्ति की जाती है। अगस्त और सितम्बर महीने के दौरान शॉप द्वारा वायर रॉड मिल के लिए स्टील के मूल्य-संवर्धित विशेष इस्पात एसडब्ल्यूआर ग्रेड स्टील का उत्पादन किया गया। वायर रॉड्स का विशेष ग्रेड, आईएस 7887 जीआर-3 (एसडब्ल्यूआर-10) ऐसा ही एक ग्रेड है जिसका वर्तमान में बहुत अधिक माँग है। कास्ट बिलेट के 105 वर्ग मीटर साइज की वजह से स्टील के इस ग्रेड की कास्टिंग और भी चुनौतीपूर्ण है। वर्तमान परिदृश्य में, एसएमएस-1 और बीबीएम के बंद हो जाने से पिछले कुछ महीनों से स्टील के इस ग्रेड का उत्पादन नहीं किया जा सका था। गुणवत्ता विभाग के साथ संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 की टीम ने पहली बार इस चुनौतीपूर्ण कार्य को संपादित करते हुए स्टील के इस ग्रेड का उत्पादन किया। ज्ञात हो कि अगस्त से सितम्बर, 2020 माह में अब तक कुल 20,000 टन एसडब्ल्यूआर-10 का उत्पादन कर लिया गया।

जलभराव की नहीं होगी समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। आकाश गंगा व्यवसायिक परिसर में 300 मीटर नाली की सफाई विशेष अभियान के तहत की गई है। मलबा से पटा हुआ नाली का अस्तित्व समाप्ति की कगार पर था, परंतु महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नाली निकासी की व्यवस्था बेहतर कर दी गई है! अब आकाशगंगा क्षेत्र में बारिश के दिनों में जलभराव की शिकायत प्राप्त नहीं होगी। लंबे अरसे से कचरो से पटी हुई नाली का नामोनिशान गायब हो गया था। निगम की टीम में जोन 1 आयुक्त सुनील अग्रहरि, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश द्विवेदी ने टोटल लॉकडाउन का फायदा उठाते हुए यहां विशेष अभियान चलाकर 40 सफाई कर्मचारियों की सहायता से नाली को निकासी के लिए पुनः तैयार कर दिया है। निर्माण एवं विध्वंस का कचरा 3 फीट की गहराई में पूरी तरह से नालियों में पड़ा हुआ था, जिससे बारिश के दिनों में यहां से पानी निकासी नहीं हो पाती थी, व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वाहन जाम हो जाते थे। समस्याओं को देखते हुए कॉफी हाउस, ढिल्लन कांप्लेक्स एवं पीसी ज्वेलर्स से होते हुए रेलवे पटरी की ओर जाने वाली नाली के स्लैब को तोड़कर नाली की संपूर्ण सफाई की गई है। इस क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से होते हुए रेलवे पटरी की ओर एक ही नाली से पानी निकासी की व्यवस्था थी दूसरी नाली जो काफी हाउस की ओर से होते हुए रेलवे पटरी की ओर जाती है वहां पर की नाली जाम हो गई थी।

राज्य स्थापना दिवस पर बड़ी सौगातें देने की तैयारी

■ महापौर एजाज ढेबर ने सभापति, एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षों को प्रस्तावित सौगातों से अवगत कराया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर 2020 को राजधानीवासियों सहित राज्य के लोगो को नगर पालिक निगम एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से कई शानदार सौगातें एक साथ देने की प्रषासनिक तैयारी महापौर श्री एजाज ढेबर के निर्देषानुसार तेज गति से की जा रही है। महापौर श्री ढेबर ने आज नगर निगम मुख्यालय के महापौर कक्ष में सभापति श्री प्रमोद दुबे सहित सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षों को बुलाकर 1 नवंबर को मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल के करकमलों से प्रस्तावित विकास की सौगातों के संबंध में अवगत कराया एवं इस संबंध में जनहितकारी योजनाओं को कल्याणकारी स्वरूप देने के संबंध में उनसे सुझाव मांगे। महापौर श्री ढेबर ने बताया कि 1 अक्टूबर 2020 को प्रदेष के नगरीय प्रषासन एवं विकास मंत्री डॉ. षिव कुमार डहरिया 1 नवंबर के दिन राज्य स्थापना दिवस पर राजधानी शहर में नागरिको को मिलने जा रही एक साथ अनेक शानदार सौगातों से संबंधित विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे एवं संबंधित कार्य स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे।

महापौर एजाज ढेबर ने सभापति प्रमोद दुबे सहित सभी एमआईसी सदस्यों , समस्त जोन अध्यक्षों को जानकारी दी कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करकमलों से नगर निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में नागरिको को नई 3 इंग्लिश मिडियम स्कूलों शहीद स्मारक स्कूल, पंडित रामदयाल तिवारी स्कूल, बीपी पुजारी स्कूल, जवाहर बाजार, सिटी कोतवाली के नये स्वरूप, ऐतिहासिक बूढातालाब स्वामी विवेकानंद सरोवर सौंदर्यीकरण योजना के तहत फेस 1 के विकास कार्यो, मोतीबाग में विकास व सौंदर्यीकरण के कार्यो, कलेक्टोरेट परिसर में नवीन मल्टीलेवल पार्किंग परिसर, जयस्तंभ चौक के विकास सौंदर्यीकरण के नये स्वरूप की शानदार सौगात प्रशासनिक तौर पर देना प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा 1 नवंबर के लोकार्पण की प्रषासनिक तैयारियां तेज गति से निरंतर प्रगति पर है।

न्यूज गैलरी

बाबरी केस मामले में अदालत का फैसला सत्य, न्याय व धर्म की जीत : कौशिक

रायपुर। बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में आरोपी बनाए गए भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी सहित अन्य सभी लोगों को अदालत ने आज बरी कर दिया है। नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने अदालत के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि ये सत्य, न्याय व धर्म की जीत है। श्री कौशिक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में अयोध्या मामले में जो फैसला आया था उससे स्पष्ट हो गया था कि वास्तविक में बाबरी मस्जिद के पहले वहां मंदिर था और मंदिर तोड़कर बाबरी मस्जिद बनाया गया था, जिसके बाद मस्जिद को विध्वंस किया गया था। इस मामले में सारे साक्ष्यों के बाद इसका निर्णय आया था जिसका पूरे देश ने स्वागत किया था और आज इस निर्णय का भी हम स्वागत करते है।

ओम बिरला के पिता के निधन पर रमन सिंह ने जताया शोक

रायपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पिता श्रीकृष्ण के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने ट्वीट कर शोक व्यक्त किया है। डा. सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण जी के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। वह पूरे जीवन समाज सेवा के कार्यों से जुड़े रहे थे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजन को धैर्य प्रदान करें।

बुजुर्ग समाज के मूल स्तंभ मुख्यमंत्री बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सभी बुजुर्गों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए पूरे विश्व में एक अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। बुजुर्ग परिवार और समाज के मूल स्तंभ होते हैं। वे जीवन भर परिवार और समाज को अपना अमूल्य योगदान देते हैं। उनकी खुशी, स्वास्थ्य और सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

मरवाही उपचुनाव जीत कर पापा के सपने को पूरा करूंगा-अमित जोगी

रायपुर। मरवाही विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कर मैं अपने पापा के अधूरे काम व सपने को पूरा करूंगा। ये बात प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के बेटे व जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहीं है। अमित जोगी ने कहा कि मरवाही उपचुनाव में सरकार और परिवार के बीच मुख्य मुकाबला है और इस मुकाबले में परिवार के प्यार की जीत होगी।

सीएम भूपेश बघेल कल करेंगे मंत्रालय परिसर में गांधी प्रतिमा का अनावरण

■ संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने किया स्थल निरीक्षण

■ अधिकारियों की बैठक में आवश्यक निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 अक्टूबर को मंत्रालय महानदी परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अनावरण करेंगे। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन परिसर में प्रतिमा स्थल का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री भगत ने मंत्रालय में आज आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा की तर्ज पर मंत्रालय महानदी भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। श्री भगत ने कहा कि प्रतिमा का अनावरण 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर होना निश्चित किया गया है। बैठक में संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., संचालक अमृत विकास तोपनो सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

परिवार से अंतिम संस्कार का अधिकार छीना, सीएम इस्तीफा दें : फूलो देवी

रायपुर। राज्य सभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती फूलों देवी नेताम ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुये कहा है कि

सुबह-सुबह ढाई बजे, जिस तरह से उत्तर प्रदेश की सरकार ने हाथरस की बेटी के साथ अन्याय किया है। अगर वहाँ उसी परिवार को और हाथरस की बेटी को न्याय देना है, उसे देखते थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा प्रधानमंत्री को मांगना चाहिए।

राज्य सभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती फूलों देवी नेताम ने कहा है कि मुख्यमंत्री जी का ट्वीट आया, उन्होंने एसआईटी का गठन किया, मैं पूछना चाहती हूं कि क्या इस एसआईटी के पास वो पावर है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को बुलाया जाए उस एसआईटी में? आज अपराधियों की गिरफ्तरी तो हुआ, पर अब मुख्यमंत्री को एसआईटी के सामने जवाब देना चाहिए कि जिस बच्ची का इस तरह से बलात्कार हुआ, जिसकी रीढ़ की हड्डी टूटी, जिसकी जीभ को काट कर फेंक दिया गया, आपने उस बच्ची को पहले डिस्ट्रिक्ट अस्पताल में रखा, आपने उसको फिर अलीगढ़ के एक अस्पताल में रखा। 8 दिन एक नोर्मल वार्ड में रखा और सफ्दरजंग अस्पताल में आपने तब पहुंचाया जब शायद उसका अंतिम वक्त आ चुका था। इसका दायित्व कौन लेगा? इसका दायित्व, इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लेनी चाहिए।

हाथरस में युवती से गैंगरेप, हत्या का मामला मानवता को शर्मसार किया

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने उत्तरप्रदेश के हाथरस में युवती से गैंगरेप और

हत्या की घटना को लेकर कहा कि इस घटना ने मानवता को शर्मसार किया है। श्री सिंहदेव ने ट्वीट कर कहा कि इस घटना और उत्तरप्रदेश सरकार के रवैये की जितनी भर्त्सना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ये कैसा समाज बना रही है जहां ऐसे अपराधों को अंजाम देने वालों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

कपड़ा कारोबारी से मारपीट के आरोप चार युवक गिरफ्तार

■ पुलिस ने देर रात आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ आधी रात पूर्व विधायक व बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे

रायुपर (नव प्रदेश)। कपड़ा व्यवसायी से कार सवार युवकों ने गाली-गलोच कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के खम्हारडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीव नगर कॉलोनी में कपड़ा कारोबारी के साथ रात्रि 11 बजे अपने घर के सामने परिवार के साथ खड़े थे,तभी कार सवार चार युवकों ने गाली-गलोच किया। मना करने पर अज्ञात कार सवार युवक कार घुमाकर वापस आकर चारों युवकों ने कारोबारी पर हमला कर दिया और डंडा से मारपीट किया इस विवाद में बीच बचाव में आए कारोबारी के साथी प्रतीक के साथ मारपीट की गयी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल हो गया जिसके बाद राजीव नगर कॉलोनी के आधा दर्जन लोगों ने विधायक श्रीचंद सुंदरानी, भाजपा नेता राजकुमार राठी के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की इसके पूर्व ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफजुर्म दर्ज कर लिया था। देर रात पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार जब्त कर हिरासत में ले लिया है। पकड़े गए आरोपी आदर्श भट्टाचार्य अवंती विहार शुभम विहार, मोहम्मद अयान सिविल लाइन, पंकज सिंह अमलीडीह ,के आशीष कुमार काली नगर पंडरी के निवासी हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 294 ,323 ,506,34 भा द वि का अपराध दर्ज किया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

महापौर एवं आयुक्त ने सभी 70 वार्डो के सफाई मेट को बांटे आक्सी मीटर

रायपुर। बुधवार को निगम मुख्यालय के महापौर कक्ष में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से महापौर एजाज ढेबर एवं आयुक्त सौरभ कुमार ने अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी विजय पाण्डेय, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो के सफाई मेट कर्मचारियों को नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार की जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कारगर रोकथाम करने आक्सीमीटर प्रदत्त किये। साथ ही वहीं पर सभी 70 सफाई मेट सुपरवाईजर कर्मचारियों को आक्सी मीटर का सही तरीके से उपयोग करने की सरल विधि बतलाकर प्रषिक्षण महापौर कक्ष में दिया गया।

कांग्रेस नेता इंदरचंद धाड़ीवाल के निधन पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंदरचंद धाड़ीवाल के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा है कि धाड़ीवाल जी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में लंबे समय तक कांग्रेस की सेवा की। धाड़ीवाल का निधन कांग्रेस परिवार की अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस परिवार दिवंगत आत्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना करता है तथा यह भी कामना करता है कि शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति भगवान प्रदान करे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंदरचंद धाड़ीवाल के निधन पर कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री प्रशासन रवि घोष, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, राजेंद्र तिवारी सदस्य संचार विभाग, रमेश वर्ल्यानी सदस्य, आर पी सिंह सदस्य, सुरेंद्र शर्मा सदस्य, सुशील आनंद शुक्ला सदस्य, किरणमयी नायक सदस्य, विभोर सिंह सदस्य, रउफकुरैशी सदस्य, विकास दुबे सदस्य, संदीप साहू सदस्य, नितिन भंसाली सदस्य, अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव सदस्य, इंजीनियर अमित यदु सदस्य, क्रांति बंजारे सदस्य, नीना रावतिया सदस्य, अधिवक्ता मोहन निषाद सदस्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुख व्यक्त किया है।

हिन्दी दिवस | एम्स में हिंदी पखवाड़े का समापन, प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

प्रभावी संवाद के लिए हिंदी सर्वाधिक उपयुक्त भाषा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के हिंदी पखवाड़े का समापन बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर एम्स के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने रोगियों के साथ अधिक से अधिक संप्रेषण के लिए हिंदी का प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा है अतः दैनिक जीवन में इसका अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। इससे पूर्व राजभाषा प्रकोष्ठ के अंतर्गत सभी विभागाध्यक्षों की बैठक में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए उठाए जाने वाले कदमों की चर्चा की गई। प्रो. नागरकर ने कहा कि दैनिक जीवन में सरल और सामान्य हिंदी का प्रयोग किया जाना चाहिए जिससे गैर हिंदी भाषी भी इसके प्रयोग के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित हो सके।

अधिष्ठाता प्रो. एस.पी. धनेरिया का कहना था कि परीक्षा संबंधी कई कार्य अब अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त फार्माकोलॉजी के कई मॉड्यूल्स भी हिंदी में तैयार किए गए हैं। वित्त सलाहकार बी.के. अग्रवाल ने कहा कि एकाउंट्स विभाग द्वारा भेजे जाने वाले सभी एसएमएस हिंदी में ही प्रेषित किए जा रहे हैं। हिंदी अधिकारी (प्रभारी) एस.एस. शर्मा ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया।

बैठक के उपरांत हिंदी पखवाड़े के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें 14 से 28 सितंबर के मध्य आठ प्रतियोगिताएं 15 वर्गो में आयोजित की गई। इनमें 297 ऑफलाइन और 16 ऑन लाइन प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रो. सरिता अग्रवाल, प्रो. आलोक अग्रवाल, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, डॉ. विक्रम पई, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता सहित कई चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शाहरूख खान, मधुरागी श्रीवास्तव, किशन दास, उमेश पांडेय, सैयद शादाब और आदित्य कुमार शुक्ला ने भाग लिया।

निगम ने नियम तोड़ने वाले 903 लोगों से 109940 रू. वसूला जुर्माना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन के आदेषानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त सौरभ कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव के निर्देषानुसार निरंतर नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कारगर रोकथाम करने के उद्देष्य से नगर निगम के सभी 10 जोनो की टीमों द्वारा पुलिस प्रषासन की टीमो के साथ मिलकर सभी जोनो के बाजारों में प्रतिदिन नियमित रूप से दिनभर मास्क नहीं पहनने वाले सामाजिक दूरी नियम तोडने वाले लोगो पर उन्हें चेतावनी देते हुए जुर्माना कार्यवाही निरंतर जारी है।

इस संबंध में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य अधिकारी श्री विजय पाण्डेय ने बताया कि नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनो की टीमो ने पुलिस प्रषासन की टीमो के साथ मिलकर माह सितम्बर 2020 के अंतिम सप्ताह में दिनांक 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक 7 दिन प्रतिदिन निरंतर अभियान चलाकर नियमों को तोडने वाले 903 लोगो पर 109940 रू. का जुर्माना संबंधितों को चेतावनी देते हुए किया है। इसमें 687 लोगो पर मास्क नहीं पहनने पर 71990 रू., सार्वजनिक स्थानों में थूककर गंदगी फैलाने वाले 16 लोगो पर 6400 रू., सामाजिक दूरी नियम तोडने वाले 39 लोगो पर 3850 रू., लॉकडाउन नियम उल्लंघन करने वाले 161 दुकानदारों पर 27700 रू. इस प्रकार नियमों को तोडने वाले 903 लोगो से 109940 रू. जुर्माना उन्हें भविष्य के लिये कडी चेतावनी देते हुए जोन कमिष्नरों के नेतृत्व में जोनो की टीमो ने पुलिस प्रषासन की टीम के साथ मिलकर वसूला है। रायपुर जिला प्रषासन के आदेषानुसार एवं नगर निगम रायपुर और जिला पुलिस प्रषासन के निर्देषानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कोविड 19 महामारी के संक्रमण के प्रसार की जनहित में जनजीवन सुरक्षा हेतु कारगर रोकथाम हेतु अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

संपादकीय

कब तक बेमौत मरेंगी बेटियां

उत्तर प्रदेश के हाथरस में फिर एक बेटी दरिंदगी का शिकार होकर बेमौत मर गई। समझ में नहीं आता कि महिलाओं के प्रति अपराध को रोकने के लिए इतने कड़े कानूनी प्रावधान होने के बावजूद अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद क्यों हो रहे है, उन्हे कानून का खौफ क्यों नहीं है। देश की राजधानी नई दिल्ली में निर्भया केस के बाद सरकार ने कड़े कानून बनाए लेकिन इसके बाद भी मासूम बच्चियों के साथ हैवानियत की घटनाएं लगातार होती रही है। आज स्थिति यह है कि कोई भी महिला खुद को न तो घर में और न ही बाहर कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। हाथरस में एक मासूम के साथ जो हैवानिय हुई है उसकी जितनी भी कड़ी निंदा की जाए कम है किन्तु सिर्फ निंदा करने से कुछ नहीं होगा जरूरी यह है कि हाथरस के उन हैवानों को भी जल्द से जल्द फांसी पर लटकाया जाए। निर्भया केस में लगभग 6 साल तक मामला चला था तक कहीं जाकर उन दरिंदों को फांसी की सजा मिल पाई थी। हाथरस की घटना में भी ऐसा न हो इस मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो और गुनहगारों को जल्द से जल्द उनके किए की सजा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस घटना कां गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा है कि वे इस मामले में त्वरित कार्यवाही करें। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश भी महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में अग्रणी बना हुआ है। यही वजह है कि अब उत्तर प्रदेश सरकार ने लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़खानी करने वाले असमाजिक तत्वों को फोटों सार्वजनिक स्थानों पर लगाने की घोषणा की है। कायदे से तो ऐसे असमाजिक तत्वों को सरे बाजार पीटना चाहिए और बलात्कारियों को चौक चौराहों पर फांसी पर लटकाना चाहिए तभी इन दरिंदों के मन में कानून का खौफ पैदा होगा अन्यथा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ती होती रहेगी और मानवता शर्मसार होती रहेगा। अब समय आ गया है कि सरकार बलात्कारियों को मौत की सजा देने का कड़ा कानूनी प्रावधान करें, इसके लिए संसद में विधेयक लाया जाए और हर बलात्कारी को जल्द से जल्द फांसी पर लटकाने का कानून बनाया जाएं तभी इस देश की बेटियों को बेमौत मरने से बचाया जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि हाथरस की घटना से सबक लेकर केन्द्र सरकार इस बारे में जल्द से जल्द कारगर कदम उठाएगी और देश की बेटियों को इंसाफ दिलाएगी।

पाकिस्तान में इमरान प्रशासन की बढ़ती मुश्किलें

नीरज मनजीत

> हमारा विपक्ष तो कम से कम सच्चे मुद्दे उठाता है, पर इमरान तो कोरे झूठ का पुलिंदा खोलकर बैठ गए थे। क्या अब हमें इमरान खान को अपने विपक्ष में शामिल समझना चाहिए ? क्या संयुक्त राष्ट्र में इमरान खान ने अपने रोल को सिर्फ़चीन को खुश करने तक ही सीमित कर लिया है ? जब वे भारत के आंतरिक हालात को लेकर कोस रहे थे, तब वे भूल गए थे कि उनके अपने प्रशासन में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और मानवाधिकारों के हनन को लेकर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगे हुए हैं। पंजाबी हुक्मरानों और आर्मी ने बलोचों, सिंधियों और पख्तूनों के लिए बड़े ही मुश्किल हालात पैदा कर दिए हैं। इसके विपरीत संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्टैंड बिल्कुल साफ़ और गरिमापूर्ण था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन विश्व बिरादरी में एक ऐसे देश की छवि को प्रस्तुत कर रहा था, जो वास्तविक सकारात्मक सोच से लोकतंत्र और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के मूल्यों पर भरोसा रखते हुए विश्व में अग्रणी भूमिका निभाना चाहता है। भारत ने किसी देश पर कोई विलोम टिप्पणी नहीं की।

क्रिकेट के मैदान पर इमरान खान ने बड़ी कामयाबियां हासिल की हैं, किंतु पाकिस्तान के ही राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि सियासत की पिच पर वे बारहवें खिलाड़ी ही साबित हो पा रहे हैं। पाकिस्तान में इन दिनों बेरोजगारी, गरीबी, महँगाई और अपराध अपने चरम पर है। अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इंफ्रास्ट्रक्चर के सारे काम ठप्प हैं। चीन-पाकिस्तान-आर्थिक-गलियारे का काम भी रुक गया है। उस पर तुर्रा यह कि अब पाकिस्तान पर एफएटीएफकी ब्लैक लिस्ट में डाले जाने का ख़तरा मंडरा रहा है। इस महीने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की वर्चुअल समीक्षा बैठकों की श्रृंखला शुरू होने वाली है। इस बैठक में पाकिस्तान की लिस्टिंग का फैसला भी किया जाना है। पाकिस्तान फ़िलहाल ग्रे लिस्ट में है। इस पूरे मामले को समझने के लिए हमें पहले एफएटीएफ के बारे में जानना होगा। एफएटीएफ एक स्वतंत्र वैश्विक संस्था है, जो दुनिया के सभी देशों में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी संगठनों को फंड मुहैया कराने के मामलों की निगरानी करती है। एफएटीएफकी पिछली समीक्षा बैठकों में मनी लॉन्ड्रिंग और जैश ए मोहम्मद तथा लश्कर ए तैयबा की फंडिंग को लेकर पाकिस्तान को दोषी पाया गया था। इसीलिए उसे ग्रे लिस्ट में डाल दिया गया था। इसके पहले भी 2013 से 2016 तक उसे ग्रे लिस्ट में रखा गया था। ग्रे लिस्ट में डाले जाने का मतलब होता है कि उस देश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक से कर्ज़ मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही बड़े देशों से मिलने वाली सहायता राशि में कटौती के अलावा आयात-निर्यात में भी मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं।

हालांकि इमरान प्रशासन ने चालीस आतंकवादियों की फेहरिस्त जारी की है, जिसमें दाऊद इब्राहिम भी शामिल है। इसके अलावा हाफ़िज़ सईद को जेल में डालकर यह जताने की कोशिश भी की है कि वह दहशतगर्दों पर लगाम कसने को लेकर काफी संजीदा है। साथ ही एफएटीएफ की गाइडलाइन के ज़्यादातर बिंदुओं पर काम हो जाने का दावा भी किया है। किंतु यह कहना

मुश्किल है कि एफएटीएफ इन क़दमों से कितना मुतमईन होता है। यदि पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाता है, तो फिर उसके लिए एक तरह से वित्तीय सहायता और वैश्विक बाजार के सभी दरवाज़े बंद हो सकते हैं। यह स्थिति पाकिस्तान को बर्बादी के रास्ते पर ले जा सकती है। फ़िलहाल दुनिया के सिर्फ़ दो देश- उत्तर कोरिया और ईरान ही ब्लैक लिस्ट में हैं। ये मुल्क कितनी बड़ी मुसीबत में फंसे हुए हैं, यह सभी जानते हैं।

वैसे चीन, तुर्की और मलेशिया की कोशिश रहेगी कि पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में डाले जाने से बचाकर उसे ग्रे लिस्ट से बाहर निकाला जाए, पर इसमें भी कई पेंच फंसे हुए हैं। अपने देश में ही मानवाधिकारों के हनन और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के मामलों को लेकर चीन और तुर्की के हाथ दबे हुए हैं। चीन में उईगर मुसलमानों का जीना हराम हो चुका है। हांगकांग और मकाऊ में तमाम समझौतों का उल्लंघन करके जिनपिंग प्रशासन जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोंट रहा है, उससे विश्व बिरादरी वैसे ही काफी नाराज़ है। तुर्की में तो प्रधानमंत्री एर्दोगान ने सारी लोकतांत्रिक संस्थाओं को धराशायी करके तानाशाही सत्ता स्थापित कर ली है। एर्दोगन ने वहां हजारों निरपराध लोगों को जेल में डाल दिया है, जिनमें विपक्षी नेताओं के अलावा न्यायाधीश, प्रबुद्धजन, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल हैं। तुर्की पर ये आरोप भी हैं कि वह भारत को अस्थिर करने के लिए आतंकवादी संगठनों को मोटी रकम दे रहा है। ऐसे में चीन और तुर्की की आवाज़ में कितना दम होगा, यह समझा जा सकता है।

किसी अज्ञात राजनैतिक विश्लेषक ने कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय राजनय कठोर यथार्थ के धरातल पर ही आगे बढ़ सकता है, जिसमें आपसी हित और कारोबार अनिवार्य रूप से जुड़े होते हैं। यदि कोई देश यथार्थ की उपेक्षा करके केवल मिथकों और ऐसी भावनाओं, जिनमें ईर्ष्या, द्वेष और नकारात्मक प्रतिशोध का ही महत्व ज़्यादा हो, पर ही अपनी कूटनीति टिकाकर वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित करने की चेष्टा करता है, तो उसका कच्ची ज़मीन में धंसना तय है। यह तथ्य पाकिस्तान पर पूरी तरह लागू होता है। आज पाकिस्तान अपने इतिहास के जिस अभूतपूर्व संकट के दौर से गुज़र रहा है उसके लिए सिर्फ़ पाकिस्तान के हुक्मरान और पाक आर्मी ही जिम्मेदार है, जो एक काल्पनिक पुराकथा पर टिके विचार से प्रेरित हैं। इसके मुताबिक हम ही सर्वश्रेष्ठ हैं, हमें ईश्वर ने एक ख़ास मक़सद से जन्म दिया है, और उसी ख़ास मक़सद को हासिल करने के लिए उनके मुल्क का निर्माण उसी ईश्वर के हुक़्म से हुआ है। यह एक घोर विलोम सोच है कि किसी मुल्क के हुक्मरान और आर्मी अपने देश की तरक़्क़ी से मुंह फेरकर पड़ोसी देश को अस्थिर करने के लिए ही अपना सारा इतिहास सौंप दे। क्या पाक आर्मी, आईएसआई और दहशतगर्दों का गठजोड़ इस मानसिकता से बाहर निकल सकता है ? हम यहां पाकिस्तान के अवाम को कतई ग़लत नहीं ठहरा रहे और न ही एक समूचे मुल्क को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। वैश्विक बिरादरी और भारत के संदर्भ में पाकिस्तान पर बात करते वक़्त हमें पाकिस्तान के अवाम और इस गठजोड़ को अलग अलग करके देखना होगा। क्या इमरान खान इस युद्ध लोलुप गठजोड़ के माइंडसेट को अपने देश पाकिस्तान के विकास की ओर मोड़ सकते हैं ? इसका सीधा-सादा उत्तर है कि इमरान के दो वर्षों के कार्यकाल में ऐसा कुछ दिखाई नहीं पड़ता। संयुक्त राष्ट्र संघ की 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर महासभा में इमरान के वर्चुअल संबोधन में ऐसा कुछ भी नहीं था, जो दुनिया को आश्वस्त कर सके कि पाकिस्तान दहशतगर्दी से अलग होकर अमन और तरक़्क़ी के रास्ते पर चल पड़ा है।

विचार

कृषि-कानून: कांग्रेस का शीर्षासन

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

संसद द्वारा पारित कृषि-कानूनों के बारे में कांग्रेस पार्टी ने अपने आप को एक मज़ाक बना लिया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस शीर्षासन की मुद्रा में आ गई है, क्योंकि उसने अपने 2019 के चुनाव घोषणा-पत्र में खेती और किसानों के बारे में जो कुछ वायदे किए थे, वह आज उनसे एकदम उल्टी बात कह रही है। सोनिया गांधी कांग्रेसी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कह रही हैं कि वे केंद्र सरकार के कानून की अनदेखी करें और मंडी व्यवस्था को पहले से अधिक मजबूत करें। राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने किसानों को यह मौत की सजा दी है। कांग्रेसी प्रांतों की सरकारें अपने किसानों को भड़काने में जी-जान से जुटी हैं। इस कानून के विरुद्ध वे सर्वोच्च न्यायालय में भी जानेवाली हैं। यह मांग तो उचित हो सकती है कि किसानों की फसल के न्यूनतम मूल्य को कानूनी रुप दिया जाए ताकि उन्हें बड़ी-बड़ी निजी कंपनियां ठगने न पाएं लेकिन कांग्रेसी नेता अपने घोषणा-पत्र को जरा ध्यान से पढ़ें। उसके किसानों संबंधी वायदों में 11 वां और 12 वां वायदा वह है, जिसे सरकार लागू कर रही है। उनमें साफ-साफकहा गया है कि सत्तारुढ होने पर कांग्रेस ''मंडी-व्यवस्था (एपीएमसी एक्ट) को खत्म करेगी और कृषि-वस्तुओं के निर्यात और अन्तरराज्यीय प्रतिबंधों को एकदम हटा देगी।'' यह सरकार तो मंडी-व्यवस्था को कायम रखे हुए है और वह किसानों को न्यूनतम मूल्य भी देने का दृढ़ता से वायदा कर रही है। वह तो उन्हें सिर्फ खुले बाजार में अपना माल बेचने की छूट दे रही है ताकि वे ज्यादा पैसा कमा सकें। कांग्रेस जिसे महापाप कह रही है और जिसे करने का वायदा उसने खुद किया था, वह तो यह सरकार नहीं कर रही है। फिर कांग्रेस इतनी चिल्लपों क्यों मचा रही है ? इसीलिए कि इस लकवाग्रस्त पार्टी को यह भ्रम हो गया है कि देश का किसान तो सीधा-सादा है। उसे गलतफहमी का शिकार बनाना आसान है। किसानों से कहा जा रहा है कि देश के बड़े पूंजीपति उन्हें अपना नौकर बना लेंगे, उपज के पैसे कम देंगे और मंडियां वीरान हो जाएंगी। उन्हें यह नहीं बताया जा रहा है कि देश की कुल उपज का सिर्फ 6 प्रतिशत मंडियों में बिकता है, जिस पर आठ प्रतिशत तक टैक्स सरकार और आढ़तिए खा जाते हैं। अब किसान यदि चाहे तो इससे मुक्त होगा। उसकी उपज को दुगुना-चौगुना करने और आधुनिक बनाने के लिए उसे बाहरी साधन उपलब्ध रहेंगे। इसके बावजूद यदि किसान की उपज कम होती है या उसे ठगा जाता है तो क्या हमारी संसद मुखपट्टी (मास्क) लगाए बैठी रहेगी ? तब इस सरकार को दुगुनी रफ्तार से दौड़ लगाकर किसान को बचाना होगा। वह बचाएगी ही, क्योंकि हजार-दो हजार कंपनियों के नोटों से नहीं, 50 करोड़ किसानों के वोटों से वह फिर सत्ता में आ पाएगी।

किसान मुद्दा क्या केवल विपक्ष जिम्मेदार है?

डॉ नीलम महेंद्र

> मजेदार बात यह है कि इन कानूनों के कई प्रावधानों को लाने की बात कांग्रेस भी लगातार अपने चुनावी घोषणा पत्रों में करती रही है। इतना ही नहीं कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल का लोकसभा में दिया गया एक बयान भी इन दिनों काफी चर्चा में है जिसमें वो इन कानूनों में लागू होने वाले प्रावधानों की वकालत करते नज़र आ रहे हैं। लेकिन इन तथ्यों के बावजूद जब आज कांग्रेस समेत विपक्षी दल इन कानूनों का हिंसक विरोध सड़कों पर करते हैं तो सवाल उठने लाजमी हैं। लेकिन अगर आप सोच रहे हैं कि सवालों के घेरे में केवल कांग्रेस या अन्य विपक्षी दल हैं तो आप गलत हैं क्योंकि सवाल तो सरकार पर भी उठ रहे हैं। क्योंकि अगर सरकार विपक्ष के विरोध प्रदर्शन पर यह कह रही है कि यह उनकी राजनीति का हिस्सा है तो इसे मौजूदा सरकार की विफलता कहना गलत नहीं होगा।

ऐसा पहली बार नहीं है कि सरकार द्वारा लाए गए किसी कानून का विरोध कांग्रेस देश की सड़कों पर कर रही है। विपक्ष का ताजा विरोध वर्तमान सरकार द्वारा किसानों से संबंधित दशकों पुराने कानूनों में संशोधन करके बनाए गए तीन नए कानूनों को लेकर है। देखा जाए तो ब्रिटिश शासन काल से लेकर आज़ादी के बाद आज तक हमारे देश की आधी से ज्यादा आबादी कृषि पर निर्भर होने के बावजूद हमारे देश में किसानों की हालत दयनीय है। कर्ज़ में डूबे किसानों की आत्महत्या के आंकड़े खुद इस तथ्य की सच्चाई बयाँ करते हैं। किसानों की इस दयनीय हालात से देश पर सबसे अधिक समय तक सत्ता में रहने का गौरव प्राप्त करने वाली कांग्रेस अनजान हो ऐसा भी नहीं है। यही कारण है कि वो कांग्रेस जब 70 सालों बाद देश से अपने लिए वोट मांगती है तो सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर किसानों की कर्जमाफी का वादा करती है। यह अलग खोज का विषय है कि जिन राज्यों में वो कर्जमाफी के नाम पर सत्ता में आई वहाँ उसकी सरकार द्वारा कितने किसानों का ऋण माफ किया गया।

लेकिन सच्चाई तो यह है कि अपने इस वादे से आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी किसानों की बदहाली को कांग्रेस स्वीकार कर रही है। तो प्रश्न यह उठता है कि इतने सालों तक उसने सत्ता में रहते हुए किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाए। उससे भी बड़ा प्रश्न यह कि आज जब कोई सरकार किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई कदम उठा रही है तो वो उसका साथ देने के बजाए विरोध क्यों कर रही है? अगर उसे इन नए कानूनों में कोई खामियां दिख रही थीं तो जब संसद के दोनों सदनों में उसके पास मौका था उसने इन कानूनों की कमियां देश के सामने क्यों नहीं रखीं? आखिर देश की जनता ने उन्हें किसी विश्वास से चुन कर संसद में पहुंचाया था। वो वहाँ देश की जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे थे तो वहाँ क्यों उन्होंने किसानों का पक्ष रखकर उनके हितों के हिसाब से कानून में बदलाव करवाने के प्रयास करने के बजाए संसद की कार्यवाही को बाधित करने का कार्य किया? जो विपक्ष सड़को पर संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ता है वो संसद में बिल और रूल बुक की प्रती फाड़ कर या सभापति के माइक को तोड़कर कौन से संविधान की रक्षा करता है? वो विपक्ष जो लगातार देश में लोकतंत्र पर खतरा बताता है वो विपक्ष संसद में अपने अलोकतांत्रिक आचरण के कारण संसद से निलंबित होकर कौन से लोकतंत्र की रक्षा करता है?

> विपक्ष के रवैये को देखते हुए सरकार को चाहिए कि देश में कोई भी बदलाव लाने से पहले वो उसके हक में माहौल बनाए, देश की जनता को उसके लिए मानसिक और सामाजिक रूप से तैयार करे, खासतौर पर उन लोगों को जो उस बदलाव से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले हों। उन्हें उस बदलाव के प्रति जागरूक करे ताकि वो किसी के बहकावे में ना आएं, कोई उन्हें गुमराह ना कर सके। क्योंकि सरकार को यह समझना चाहिए कि देश का भविष्य बदलने के लिए कानूनों में बदलाव जितना जरूरी है उन कानूनों की आड़ में देश में अराजकता नहीं फैले इस बात के प्रति सरकार की जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। केवल विपक्ष को दोष देने से सरकार की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती।

यही कारण है कि उचित तर्कों के अभाव में जो लड़ाई विपक्ष संसद में हार गया उसे वो भोले भाले लोगों को गुमराह करके सड़कों पर जीतने का प्रयास कर रहा है। अगर इन कानूनों की बात की जाए तो ये तीनों ही कानून निःसंदेह किसानों को मजबूत करने वाले हैं। जहां पहले किसान अपनी फसल को मंडी में ही बेचने के लिए विवश था अब अपनी फसल को मंडी के अलावा कहीं और बेचना चाहता है तो यह नए कानून उसे यह अधिकार प्रदान करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि वह आधुनिक तकनीक का उपयोग करके अपनी फसल को ऑनलाइन भी बेच सकता है। जहां पहले मंडी में होने वाले फसल के व्यापार पर टैक्स देना होता था जिसे बिचौलिए अक्सर किसान से ही वसूलते थे,वहीं अब मंडी के बाहर होने वाली बिक्री पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके अलावा नए कानून में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को बदलते हुए सरकार ने खाद्य तेल, दाल, तिल, आलू, प्याज जैसे कृषि उत्पादों के संग्रहण पर लगी रोक को हटा लिया है। इससे जहां एक तरफ अतिरिक्त उपज के निजी भंडारण को प्रोत्साहन मिलेगा तो दूसरी तरफ इसके दूरगामी परिणाम के रूप में भंडारण की सुविधा के अभाव में अब तक जो फसलों की बर्बादी होती थी उसमें भी कमी आएगी। लेकिन इन कानूनों से बढ़कर किसानों के हित का जो सबसे महत्वपूर्ण कानून सरकार लेकर आई है वो है कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग को लेकर। इस कानून के अंतर्गत किसान किसी भी व्यक्ति अथवा कंपनी से अपनी फसल का कॉन्ट्रैक्ट कर सकता है जिसमें किसान फसल बोने के पहले ही अपनी फसल को बेचने के दाम तय कर सकता है। फसल उसके खेत से ही उठाई जाएगी। इस कानून में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कॉन्ट्रैक्ट में केवल फसल का करार होगा खेत का नहीं। कॉन्ट्रैक्ट को खत्म करने का अधिकार केवल किसान को रहेगा कंपनी को नहीं। अगर कंपनी करार से बाहर आना चाहती है तो उसे किसान को हर्जाना देना होगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कब तलक बिन मौत

कब तलक बिन मौत यूँही ये मरेंगी बेटियाँ कब तलक हैवानियत सूली चढेंगी बेटियाँ मर चुकी है आत्मा क्या मर चुका सबका जमीर एक दिन सबसे ये रो रो कर कहेंगी बेटियाँ मुझपे माँ अहसान करना कोख में ही मार कर जन्म अब लेने से धरती पर डरेंगी बेटियाँ काँप जाए रूह भी जिस दर्द से उस पीर से दर्द वो पीढा लकी कब तक सहेंगी बेटियाँ।

– लक्ष्मी माहौर

कह कह थकता हर

कह कह थकता हर कोय, है बिटिया अनमोल। खुश हुई क्या सच मे वो ,मन मे तू ये तोल। मन मे तू ये तोल ,कहाँ खबर छ्पी कैसी। शूल पर है बेटी, हुई है ऐसी तैसी। रूप भयंकरता का,हर शहर मे है अब दिखता। चिल्लाइ क्यों बिटिया,अखबार कह कह थकता।

– रानी इन्दु

ख़ास पाती | खूबसूरत बहुत हो मगर कभी

खूबसूरत बहुत हो मगर कभी खुद को सजाया करो, आँखें हैं बहुत सूनी सी मेरा सपना सजाया करो, होंठ खिलता हुआ एक कमल झूठी लाली न लगाया करो, हो जरूरत अगर लाली की मेरा नाम बुलाया करो, है गुज़ारिश मेरी तुझसे ये पाँव ज़मी पर रखा ना करो इश्क़ न कर बैठे वो तुझसे कहीं मुझे यूँ न जलाया करो, खूबसूरत बहुत हो मगर कभी खुद को सजाया करो, ये महफ़िल रौशन हो जाएगी जुल्फें यूँ न गिराया करो, चाँद कहकर तुम्हें क्यूँ मैं खूबसूरती को तेरी रुसवा करूँ बेदाग़ है तू, जाँ मेरी.... काजल तो लगाया करो, खूबसूरत बहुत हो मगर कभी खुद को सजाया करो, आँखें हैं बहुत सूनी सी मेरा सपना सजाया करो।

– शिल्पी अग्रवाल

सर ,हमे आपका ऑर्डर मिल गया



सर ,हमे आपका ऑर्डर मिल गया है ,कृपया एडवांस दें दें परसों तक आपका माल पहुंच जाएगा ?? ऑर्डर देने वाला ,भयभीत होकर ?? अरे भाई ,ये कोड वर्ड जैसे मत लिखो स्पष्ट लिखो की मेरा मोबाइल मुझे जल्दी मिल जाएगा ,आजकल एनसीबी वाले बहुत सक्रिय हैं।

– संत आर थवाईत

यूँ तो वन हरे-हरे हैं पेड़ों

यूँ तो वन हरे-हरे हैं पेड़ों से भरे- भरे है फिर भी हरा भरा जंगल क्यों भयानक अचानक लगता है ? प्रेम से भरे- भरे हैं रिश्ते बेहद गहरे हैं फिर भी आदमी आजकल क्यों अचानक भयानक लगता है ?

– परमेश्वर वैष्णव

बड़ी बेकरार थी आंखें तेरे दीदार

बड़ी बेकरार थी आंखें तेरे दीदार की प्यासी... बेखबर यार की तस्वीर वर्षों से बसाए इन्तेजार में थी आँखें तुम जब दूर हुए मुझसे तन्हाई में अकेले जार-जार रोई थीं ये बेजुबान आंखें मूक थीं, आंखों में ही सूख गए आंसू दिन बीतते गए अब तो ये पथरा सी गई बना के बांध इक...सैलाब को थाम गई वक़्त के थपेड़ो से टकरा के जिंदगी के लहरों में समा गई नए सपने कोई इनमें अब सजाऊं कैसे तुमसे मिलके हुई ये बेवफा आंखें। - बबली सिन्हा

यह हमारे देश में ही संभव है जहां

यह हमारे देश में ही संभव है जहां बलात्कारी और उसकी क्रूरता का शिकार हुई मासूम लड़कियों के धर्म और जाति को लेकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकी जाती हैं।यह हमारे ही देश में है, जहां बलात्कारी ने दुष्कर्म के समय कितनी बर्बरता की, उसका हिसाब रखा जाता है।

– सीमा भाटिया

कष्ट और विपत्ति मनुष्य को शिक्षा

कष्ट और विपत्ति मनुष्य को शिक्षा देने वाले श्रेष्ठ गुण हैं जो व्यक्ति साहस के साथ उनका सामना करते हैं और हार नहीं मानते वे सदैव सफल होते हैं कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करने पर एक बहुमूल्य सम्पत्ति विकसित होती है जिसका नाम है आत्मबल।– तीर्थ बडोनी

कुछ है पाना तुम्हें जुगाड़ से

कुछ है पाना तुम्हें जुगाड़ से, या कि डरने लगे बिगाड़ से..? अपना किरदार बेचने वालों, तोड़ लाओगे इसको झाड़ से..? कुर्सियों ने जलाई उम्मीदें, सिसकियां आ रहीं हैं भाड़ से.. याद रखना कि वक्त आया जब, ऊंट बौना लगा पहाड़ से।

– निश्चय वाजपेई

QUIZ TIME

1) गहिरा गुरू किस जनजाति के थे? (कमार / कंवर)

2) छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम कब अस्तित्व में आया?

3) छत्तीसगढ़ राज्य में किस वर्ष सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समूची व्यवस्था को कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया था?

4) छत्तीसगढ़ में कृषक जीवन ज्योति योजना लागू की गई थी?

5) छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक किस बैंक के अन्तर्गत कार्य करता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कंवर (2) मई 2001 (3) वर्ष 2007-2008 (4) 2 अक्टूबर 2009 (5) स्टेट बैंक ऑफइंडिया

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1842 - स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद्? और सामाजिक कार्यकर्ता एस. सुब्रह्मण्य अय्यर का जन्म। 1847 - प्रख्यात समाजसेवी, लेखिका और स्वतंत्रता सेनानी एनी बेसेंट का जन्म। 1854 - भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। 1895 - पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान का जन्म। 1901 - स्वतंत्रता सेनानी एवं पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों का जन्म। 1919 - हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म। 1945 - भारत के मौजूदा एवं 14वें राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का जन्म। 1949 - चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई। 1949 - जनरल माओ-त्से-तुंग द्वारा चीन जनवादी गणराज्य (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की घोषणा।

राम कपूर ने लूटा फैन्स का दिल

नई दिल्ली। राम कपूर और उनकी पत्नी गौतमी कपूर की जोड़ी टीवी के चहेते कपल्स में से एक हैं। राम कपूर अक्सर गौतमी संग फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। इस बीच 'बड़े अच्छे लगते हैं' एक्टर राम कपूर ने गौतमी के साथ एक थ्रोबैक तस्वीर शेयर की है। जिसे देखकर फैन्स उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पा रहे हैं। राम कपूर और गौतमी साल 2013 में शादी के बंधन में बंधे थे और अब वह दो बच्चों के माता-पिता भी हैं। राम कपूर ने गौतमी के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- 'वे बैक वेन...।'

हिमांशी खुराना ने लहंगा-चोली में बिखेरा जलवा

नई दिल्ली। हिमांशी खुराना अपनी मेलोडी आवाज के अलावा स्टाइलिश अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। बिग बॉस 13 के सीजन में हिमांशी ने बताया था कि उन्हें पंजाब की ऐश्वर्या राय कहा जाता है। वहीं, उनके इंडियन और वेस्टर्न दोनों ही लुक्स बहुत पसंद भी किए गए थे। हिमांशी के इंस्टाग्राम अकाउंट को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें एथनिक अटायर्स बेहद पसंद है। साथ ही अगर आपको स्टाइलिश झुमके पसंद है, तो आप हिमांशी खुराना के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी फोटोज देखकर टिप्स ले सकते हैं।

अनुराग कश्यप को मुंबई पुलिस ने भेजा समन

मुंबई। डायरेक्टर-प्रोड्यूसर अनुराग कश्यप को मुंबई पुलिस ने समन जारी कर गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। अनुराग के खिलाफ बॉलीवुड की एक एक्ट्रेस के रेप का आरोप लगाया था, जिसके बाद 23 सितंबर को पुलिस ने उनके खिलाफकेस दर्ज किया था। आपको बात दें कि पीड़िता के वकील नितिन सतपुते ने बताया कि रेप, गलत तरीके से रोकने और एक महिला की मर्यादा भंग करने का केस वर्सोवा पुलिस ने दर्ज किया है। मुंबई पुलिस द्वारा अनुराग कश्यप को जारी समन में अभिनेत्री के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में गुरुवार दोपहर 11 बजे वर्सोवा पुलिस स्टेशन में हाजिर होने के लिए कहा गया है। अभिनेत्री के वकील सतपुते के मुताबिक, रेप की यह कथित घटना अगस्त 2013 में हुई थी, जब एक्ट्रेस काम खोज रही थी और इसी सिलसिले में अनुराग कश्यप के संपर्क में आई थी।

राधे : योर मोस्ट वॉन्टेड भाई की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म राधे : योर मोस्ट वॉन्टेड भाई की शूटिंग दो अक्टूबर से शुरू करने जा रहे हैं। सलमान खान लॉकडाउन में ब्रेक के बाद अपनी आने वाली फिल्म राधे : योर मोस्ट वॉन्टेड भाई की शूटिंग शुरू करेंगे। सलमान दो अक्टूबर को करजत में एनडी स्टूडियोज में फिल्म शूट करेंगे। पंद्रह दिनों की शूटिंग के बाद फाइनल पैचअप वर्क महबूब स्टूडियो में किया जाएगा। इस दौरान कोरोना वायरस को ध्यान में रखते हुए सेट पर खास व्यवस्था की जाएगी।

बताया जा रहा है कि मुंबई से बाहर शूट के दौरान रोज-रोज के ट्रैवल से बचने के लिए प्रोडक्शन टीम ने एनडी स्टूडियो के पास एक होटल किया है जहां पर सभी टेक्निशियंस रहेंगे। उन्हें शूट के दौरान बाहरी लोगों से मिलने की अनुमति नहीं रहेगी। पूरे क्रू का कोरोना टेस्ट किया जा चुका है, जिसमें सभी निगेटिव आए हैं। जल्द ही दूसरा टेस्ट लिया जाएगा, जिसमें एक्टर्स और कोर टीम शामिल होगी।सेट पर हाइजीन और अनुशासन बरतने के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ-साथ सलमान खान की अपनी पर्सनल टीम भी मौजूद होगी। डॉक्टर, एम्बुलेंस के साथ सेफ्टी और हेल्थ ऑफिसर सेट पर मौजूद रहेंगे। ट्रांसपोर्टेशन मोड को हर दिन सैनिटाइज किया जाएगा। टीम को अलग हिस्सों में बांटने के लिए और उनकी पहचान के लिए उन्हें कलर बैंड्स दिए जाएंगे। गाइडलाइन के मुताबिक इस्तेमाल किए गए पीपीए किट और मास्क को नष्ट करने के लिए संबंधी निर्देश भी टीम को दिया गया है।



ऑर्गन डोनेट करेंगे अमिताभ बच्चन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने ऑर्गन डोनेट करने की घोषणा की है। अमिताभ बच्चन इन दिनों अपने शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को होस्ट कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन देश में प्राकृतिक आपदा हो या कोई मुश्किल हालात हर समय आगे आकर योगदान देते हैं। अमिताभ ने अपने ऑर्गन डोनेट करने की घोषणा की है। अमिताभ बच्चन ने ट्वीट करके इस बात का एलान किया है कि उन्होंने अपने ऑगर्न डोनेट कर दिए हैं। इस ट्वीट में उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए अमिताभ ने लिखा, मैं एक शपथ ले चुका ऑर्गन डोनर हूं। मैंने ये ग्रीन रिबन इसकी पवित्रता के लिए पहना हुआ है। अमिताभ बच्चन आखिरी बार फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में नजर आए थे। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ आयुष्मान खुराना ने मुख्य भूमिका अदा की थी। इसके अलावा अमिताभ बच्चन जल्द ही 'झुंड', 'चेहरे' और 'ब्रह्मास्त्र' जैसी फिल्मों में भी नजर आने वाले हैं।

फेस्टिव सीज़न इवेन्ट्स के लिए हमारे प्रमुख पैमानों में से एक - मनीष तिवारी

अमेजन सेलर्स करेंगे कर्मचारियों की भर्ती

नई दिल्ली (वार्ता)। अमेज़न ने बुधवार को कंपनी के एक विशेष सर्वे के निष्कर्षों को साझा किया। यह सर्वेक्षण आने वाले फेस्टिव सीजन से अमेज़ॅन पर बिक्री करने वाले एसएमबी सेलर्स की उम्मीदों, और इसके लिए की जाने वाली तैयारी का अनुमान लगाना शामिल है। यह अध्ययन 2000 से अधिक अमेज़न सेलर्स के बीच नीएल्सन द्वारा 12-22 सितम्बर 2020 के दौरान किया गया था। पूरे भारत के 17 शहरों में, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में किये गये, इस अध्ययन में दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद, लखनऊ, लुधियाना, इंदौर, नागपुर, कोयम्बटूर, कोच्चि, पटना, जयपुर और राजकोट के सेलर्स शामिल थे। सर्वे में शामिल 98 फीसदी

सेलर्स (2036) फेस्टिव सीजन के दौरान ई-कॉमर्स का लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।

सर्वे में शामिल 29 प्रतिशत सेलर्स सफल फेस्टिव सीजन के लिए अतिरिक्त निवेश करने की योजना बना रहे हैं। उनमें से 62त्न सेलर्स मांग में होने वाली वृद्धि को पूरा करने के लिए सीजनल हायरिंग, यानी मौसमी जरूरत के अनुसार कर्मचारियों की भर्ती करने में, निवेश करने की योजना बना रहे हैं; गैर-मेट्रो शहरों में प्रतिशत अधिक है जहां 76त्न सेलर्स ने कहा कि वे सीजनल हायरिंग में निवेश करेंगे। सीजनल हायरिंग की योजना बनाने वाले 69 फीसदी सेलर्स इस फेस्टिव सीजन में कम से कम पांच लोगों को काम पर रखने की बात कर रहे हैं। नए उत्पादों को लॉन्च करने की योजना बनाने वाले सेलर्स में से 63 फीसदी सेलर्स इस फेस्टिव सीजन में कम से कम तीन नए प्रॉडक्ट लॉन्च करेंगे। नए प्रॉडक्ट को लॉन्च करने की योजना बनाने वाले सेलर्स का प्रतिशत गैर-मेट्रो शहरों में अधिक है,क्योंकि इनमें से 68प्रतिशत सेलर्स इस फेस्टिव सीजन में कम से कम तीन नए प्रॉडक्ट लॉन्च करेंगे। अमेज़ॅन इंडिया के उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने सर्वे के निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए कहा, ÷फेस्टिव सीज़न इवेन्ट्स के लिए हमारा प्रमुख पैमानों में से एक यह है कि हमारे सेलर्स इससे कैसे लाभ उठाते हैं और इस फेस्टिव सीजन में, हमारे सेलर्स के लिए बिजनेस को ठीक करने और उसमें तेजी लाने में मदद करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

एचडीएफसी बैंक ने फेस्टिव ट्रीट्स 2.0 को 1000+ ऑफ़र के साथ लॉन्च किया

मुंबई। प्रथम संस्करण की शानदार सफलता के बाद, देश के प्रमुख बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज अपने वार्षिक वित्तीय सेवाएं धमाका ÷फेस्टिव ट्रीट्स÷ को लॉन्च किया। फेस्टिव ट्रीट्स में ग्राहक सभी बैंकिंग उत्पादों पर ऋण से लेकर बैंक खातों तक, प्रमुख ब्रांड्स और कंपनियों से 1000+ ऑफ़र और 2,000 से अधिक हाइपर लोकल ऑफर्स प्रदान की जा रही हैं। अर्ध शहरी और ग्रामीण स्थानों बैंक के ग्राहक एवं अन्य स्थानीय व्यापारियों के साथ विशेष ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। कोविड19 के कारण वर्तमान में अभूतपूर्व स्थिति के मद्देनजर, इस वर्ष सभी डील्स और ऑफर्स को शाखाओं, पार्टनर स्टोर्स और डीलरशिप्स पर काउंटर के अलावा, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों को अपने घरों से डिजिटल रूप से भी लाभ उठाने का मौका भी दिया गया है।

एलपीजी ट्रक चालकों को दिया गया टायर सुरक्षा प्रशिक्षण

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम एवं करनाल स्थित इंडियन ऑयल के बोटलिंग प्लांट से घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की आपूर्ति करने वाले वाणिज्यिक वाहनों के चालकों को टायर की देखभाल एवं सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। चालकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं को टायर सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए ऑटोमोटिव टायर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) और उसकी तकनीकी इकाई इंडियन टायर टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी ने इंडियन ऑयल से हाथ मिलाया है। ये चालक इंडियन ऑयल के इंडेन कुकिंग गैस की आपूर्ति करते हैं। आईटीटीसी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इंडियन ऑयल के दोनों बोटलिंग प्लांट पर दो दिन चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 से ज्यादा वाणिज्यिक चालकों, क्लीनर्स एवं फ्लीट मैनेजरों को टायर सुरक्षा का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

अडानी विल्मर ने Alife ब्रैंड के साथ हैंडवाश, सैनिटाइजर सेगमेंट में किया प्रवेश

अहमदाबाद। खाद्य तेलों और खाद्य उत्पादों के लोकप्रिय फॉर्चून ब्रैंड के निर्माता अडानी विल्मर ने हैंडवाश और सैनिटाइजर सेगमेंट में कदम रखते हुए पर्सनल केयर प्रोडक्ट की श्रेणी का विस्तार किया है। अडानी विल्मर ने 2019 में Alife ब्रैंड के तहत साबुन के लॉन्च के साथ पर्सनल केयर प्रोडक्ट में प्रवेश किया था।

अडानी विल्मर के मार्केटिंग विभाग के मुख्य अधिकारी अजय मोटवानी ने कहा कि, कोविड-19 महामारी के कारण हैंडवाश और सैनिटाइजर के उपयोग के बारे में जागरूकता बढी है। इसकी मांग भी तेजी से बढ़ रही है। हमें लगता है कि हैंडवाश और सैनिटाइजर सेगमेंट में प्रवेश करने का यह हमारे लिए उचित समय है। हैंडवाश उत्पादों का बाजार अंदाजित 1,000 करोड़ रुपये का है। हालांकि, साबुन के 95% की तुलना में हैंडवाश का उपभोग मात्र 10% है। उन्होंने कहा कि, पिछले तीन वर्षों में हैंडवाश श्रेणी 15% की CAGR से बढ़ी है। ग्राहक प्रवाही हैंडवॉश को पसंद कर रहे है और ऐसी उम्मीद हैं कि अगले पांच वर्षों में यह 30-40% की CAGR से बढ़ेगा। जहां तक सैनिटाइजर का प्रश्न है, इसका बाजार 2019 के 150 करोड़ से बढक़र तीन गुना अधिक हुआ है और इस साल में यह 500 करोड़ होने का अनुमान है। कोविड-19 महामारी समाप्त होने के बाद भी सैनिटाइजर की मांग मजबूत रहने की संभावना है। हम अगले पांच वर्षों में 30-40% की CAGR की उम्मीद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, वे दोनों सेगमेन्ट में नए प्रकार और नए रूप के साथ पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं।

फोन-पे ने लॉंच किये नये म्युचुअल फंड

नई दिल्ली (वार्ता)। डिजिटल भुगतान प्लेटफ़ॉर्म फोनपे ने ग्राहकों को निवेश करने के लिए 7 नई म्यूचुअल फंड श्रेणियों की शुरुआत की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मई 2020 में लॉन्च किए गए सुपर फंड और जनवरी 2020 में लॉन्च किए गए लिक्विड फंड के साथ अब 23 करोड़ से अधिक पंजीकृत फोनपे उपयोगकर्ताओं, जिनके पास अब पूरी तरह से समाधान के लिए विकल्प चुनने का विकल्प है उनके लिए निवेश के व्यापक विकल्प उपलब्ध है।

होंडा का मिड-साइज मोटरसाइकिल बाजार में

नई दिल्ली (वार्ता)। दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की दूसरी बड़ी कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मिड साइज मोटरसाइकिल बाजार में प्रवेश करने की घोषणा करते हुये हाईनैस सीबी 350 मोटरसाइकिल का आज वैश्विक अनावरण किया। इस मोटरसाइकिल के वर्चुअल अनावरण के मौके पर होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं कंपनी के मोटरसाइकिल परिचालन के मुख्य कार्यकारी नोरिआकी आबे तथा कंपनी के क्षेत्रीय परिचालन (एशिया एवं ओशिनिया) के मुख्य कार्यकारी एवं एशियन होंडा मोटर कंपनी अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मसायुकी इगाराशी भी मौजूद थे। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एचं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अत्सुशी ओगाटा ने इस नयी मोटरसाइकिल का अनावरण करते हुये कहा कि दुनिया भर में मोटरसाइकलों की सीबी सीरीज़ होंडा की चुनौतियों के इतिहास का प्रतीक है। पिछले 60 सालों से, होंडा ऑन-रोड स्पोर्ट्स का प्रतिनिधित्व करने वाले मॉडलों को 'सीबी' नाम दे रही है। राइडरों को ध्यान में रखते हुए सीबी का विकास किया जाता है। इस नयी मोटरसाइकिल के 9 नए पेटेंट ऐप्लीकेशन आधुनिक तकनीकों की पुष्टि करते हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज मसंद पिता राजकुमार मसंद निवासी रायपुर द्वारा ग्राम गनौद, प.ह.नं.-26, रा.नि.मं. पलौद, में स्थित भूमि खसरा नंबर 737/1 रकबा 0.1385 हे. का भाग रकबा 0.05 हे. भूमि का व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.05 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील

सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 431 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामशरण साहू पिता दाउलाल साहू द्वारा ग्राम गनौद, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. गनौद में स्थित भूमि खसरा नंबर 800/1 रकबा 0.410 हे. का भाग रकबा 1663 वर्गफीट भूमि का व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 1663 वर्गफीट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील

सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

(1) निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-57-20-21, दिनांक: 25.09.2020. ... www.ireps.gov.in ...

South East Central Railway @secrail

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित एम.आई.जी. योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. एम.आई.जी.-1069 में श्री सिरिल वेंजल प्रेम पिता स्व. श्री प्रेम बिसली को भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरण किया गया है।

मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड श्री संजय श्रीवास्तव पिता स्व. श्री पी.एम. श्रीवास्तव के नाम पर नामांतरण करने हेतु संयुक्त शपथ पत्र, (नोटरी द्वारा सत्यापित) सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड श्री संजय श्रीवास्तव पिता श्री स्व. पी. एम. श्रीवास्तव के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 425 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलाल पिता अर्जुन द्वारा ग्राम चरौदा, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं.-भिलाई में स्थित भूमि खसरा नंबर 967,968 का रकबा क्रमशः 0.040, 0.050 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.090 हे. भूमि का व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किय गया है, वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.090 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन व्यवसायिक प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 9/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील

सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 435 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गणेश प्रजापति पिता श्री मोतीलाल जाति कुम्हार द्वारा ग्राम मुनगेसर प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 109/149 रकबा 0.013 हे. भूमि का व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.013 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 9/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील

सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 428 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तरूण कुमार सोना पिता नवीन सोना निवासी विजय नगर भनपुरी रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम रींवा, रा.नि.मं. मंदिर हसौद में स्थित भूमि खसरा नंबर 497/3 रकबा 0.202 हे. का भाग रकबा 10,000 वर्गफीट भूमि का व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 10,000 वर्गफीट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील

सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 436 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार तेजवानी पिता इंदरलाल तेजवानी निवासी रायपुर द्वारा ग्राम अकोलडीह, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 112 रकबा 0.47 हे. का भाग रकबा 0.12 हे. भूमि का व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.12 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील

सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-नारायणपुर

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक/600/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2020-21 नारायणपुर, दिनांक 28/09/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	कुकड़ाझोर से कुतुल रोड आर.सी.सी. स्लेब कल्वर्ट 6.00 मी. स्पॉन एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य भाग-02 आर.डी. 5.6 कि.मी. (बचत कार्य)	38.95 लाख	12.10.2020 (शाम 5.00 बजे तक)
2	औषधी भंडार निर्माण कार्य जिला चिकित्सालय नारायणपुर	22.99 लाख	

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र एवं जानकारी दिनांक 29.09.2020 से विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जी-83944/4

कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नारायणपुर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का लवन में हुआ भव्य स्वागत

लवन। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम का क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर का गिरौदपुरी जाते कुछ समय गुरु घासीदास समुदायिक भवन लवन मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी लवन के कार्यकर्ता ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान देवीलाल बार्वे, प्रताप डहरिया, मृत्युंजय पांडे, मृत्युंजय वर्मा, गुरुदयाल यादव कन्हैयालाल ब्यास, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, दयाशंकर कुर्रे, बनवारी बार्वे, राधेश्याम रात्रे धर्मेंद्र खुटे, विनोद अनंत, पंकज साहु, केशव रात्रे नंदू वर्मा, महेश कुर्रे, ओमप्रकाश प्रभुवा, रज्जू वर्मा, निखिल जोशी, उमेश रात्रे, अजय बार्वे, संगीत कुमार कठोत्रे, गज्जू साहू, पलटू राम, दानी राम साहू, कलीम उल्लाह अंसारी ऋषि मिश्रा, छेदीलाल जोहान निराला झब्बू साहू, संतोष साहू प्रकाश बार्वे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

शिवरतन को मण्डल के लोगों ने दी बधाई, लगातार आते रहे फोन

भाटापारा। क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा को प्रदेश भाजपा की तरफ से संगठन में उपाध्यक्ष पद का दायित्व दिए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है सुबह से ही उनके भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें बधाई देने का ताता लगा रहा उल्लेखनीय है कि विधायक शिवरतन शर्मा संगठन के शिल्पकार माने जाते हैं पार्टी द्वारा जो भी दायित्व उन्हें दिया जाता है उसका भी बखूबी निर्वहन करते हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा से दीक्षित होकर निकले शर्मा विद्यार्थी परिषद से लेकर युवा मोर्चा भाजपा मंडल के महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष जिले के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के महामंत्री सहित अनेक पदों का दायित्व बखूबी निभा चुके हैं तथा प्रदेश में जहां भी उपचुनाव होते हैं उन्हें बड़ी जवाबदारी दी जाती है जिसका वे सार्थक परिणाम भी पार्टी को देते रहे हैं आज जब उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष के दायित्व की खबर कार्यकर्ताओं को मिली कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देने का सिलसिला देर रात से ही शुरू हो गया था और सुबेरे उनके निवास स्थान पर मिलकर कार्यकर्ता बधाई देते रहे विधायक शिवरतन शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन में पद नहीं दायित्व महत्वपूर्ण होता है पार्टी हमें जिस भी कार्यकर्ता को दायित्व दे उसे हम सब को बखूबी निभाना चाहिए बधाई देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से भी काफी तादाद में कार्यकर्ता गण आए थे जिनमें प्रमुख रूप से निपनिया मंडल अध्यक्ष धनीराम साहू मथुरा यदु सतीश सोनी कुमार वर्मा गोलू देवांगन मोदी निषाद पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुनील यदु,रवि आडिल,गोविंदा कमलेश केशरवानी गरीबा केसरवानी प्यारे रजक बहोरिक यदु युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा श्रेणीक गोलछा, भरत डहरिया,राजीव शर्मा गज हंस सिंह ठाकुर शुभम राजपूत,विजय यादव, रवि वर्मा शहीद अन्य कार्यकर्ता गण भी थे

पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बनने से कार्यकताओं में हर्ष

डोंगरगढ़। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय द्वारा विगत दिनों प्रदेश भाजपा कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें जिला से लेकर ब्लाक तक सभी सक्रीय कार्यक्रताओ को प्रदेश की कार्यकारणी में स्थान दिया गया है इसी कडी में क्षेत्र के पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को प्रदेश भाजपा कार्यकारणी में सदस्य बनाया गया है श्री खांडेकर को भाजपा कार्यकारणी में सदस्य बनाए जाने से यहा कार्यक्रताओं में उत्साह खुलकर देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के तहत आने

वाले डोंगरगढ शहर से वरीष्ठ नेता महेंद्र भाई पटेल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष अमीत जैन, कोषाध्यक्ष रमन डोंगरें ,महामंत्री संतोष राव, विवेक मोनु भंडारी ,विनित यादव, ग्रामीण अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, महामंत्री लखन जंघेल, कचरू साहु , शहर युवा मोर्चा अध्यक्ष ग्रामीण हेमकुमार साहु , शहर प्रिंस कक्कड, नीलम चोपडा, कमलेश काले, अर्चला ठाकुर ,महेंद्र अग्रवाल, सविता दरगढ, ज्योती बडवाईक, लक्ष्मी यादव, गुरविंदर भाटिया ,नरेद्र परिहार, जसमीत बन्नोआना ,पार्षद अमीत छाबडा, डिकेश राव, हरीश मोटघरे, अजीम गौरी ,अखिलेश गढेवाल, विरेंद्र सोनी मारोती, गिरीश साहु, सरफराज नवाज, विक्की भाटिया, मनीष दरगढ, रवि रजंन मंडल सहीत अन्य ने बंधाई दी है ।

सिरपुर वन क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर जनप्रतिनिधियों ने लगाया वन विभाग पर आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। वन परिक्षेत्र सिरपुर निगम मंडल आरंग के कक्ष क्रमांक 812 लहंगर पीढ़ी बांध के समीप पहाड़ियों में अवैध पत्थर खनन किसी से छिपा नहीं है। इस अवैध खनन के कारोबार में वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत भी अक्सर सामने आती रही है, लेकिन जब इस पीढ़ी बांध लहंगर के पहाड़ियों में कीमती पत्थर की खान निकल आए और उसे वन विभाग के अधिकारी ही माफियाओं के साथ मिलीभगत कर चट करने में लगे हो तो फिर अंदाजा लगा सकते है, कि इन अधिकारियों को किसकी परवाह होगी। ऐसा ही मामला सामने आया है महासमुंद विकासखंड के ग्राम लहंगर पीढ़ी बांध के वन क्षेत्र की पहाड़ियों में किमती पत्थर की खान निकली है।

जिसकी वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के गुपचुप खुदाई कर निकाला जा रहा है। दरअसल, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यहां पर पूरा वन क्षेत्र कीमती पत्थर की खान है। यह पत्थर बड़ी बड़ी बांध जलाशय में व् अन्य कार्यो में पीचिंग में उपयोग होने वाले महंगे पत्थर है, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर (जुगनू) चंद्राकर ने बताया की सिरपुर क्षेत्र के एक पशु चिकित्सक जो बैध के रूप में पशुओं का इलाज करते है, विगत दिनों उसे पीढ़ी बांध के समीप ठहरे हुए प्रवासी राजस्थानी लोग रहते है जिनका बीते रात हाथी ने उनके ऊंट और कुछ भेंड़ बकरे को मार दिया व घायल कर दिया था, उन्ही के इलाज के लिए समीप के गाँव के नागरिक के साथ गए थें, जंहा पर उन्होंने इस घने जंगल के बीच में अवैध तरीके से बोल्डर पत्थर जेसीबी से हाइवा वाहन में लोड करते हुए देखा, पकड़ा, और सम्बंधित वन विभाग के बीड गार्ड रेंजर और जनप्रतिनिधि को इसकी सूचना दिया गया, लेकिन उक्त स्थान में किसी भी वन विभाग व निगम मंडल के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे। विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा ही रात्रि में बोल्डर पत्थर निकलवाने का आरोप भी कई ग्रामीण ने लगाया है। क्षेत्र के ग्रामीणो ने बताया की जब अपनी खुद की जरुरत जलाऊ सुखा लकड़ी के लिए जब लोग जंगल आते है, तो यही वन विभाग के कर्मचारी द्वारा गाली गलौज करते है, लकड़ी को छिन लेते है, और आज खुद अवैध् तरीके से माफियाओ के साथ मिलकर पत्थर की चोरी करवा रहे है। वहीं इस वन क्षेत्र में पहाड़ी के नीचे निकलने वाले पत्थर की कीमत प्रति नग लगभग 7 से 8 रूपए बाजार मूल्य है बताया जाता है कि एक हाइवा बोल्डर की कीमत लगभग 20 से 25000 है, और उक्त स्थल में लगभग 80 -100 हाइवा बोल्डर पत्थर तोड़ कर रखे है। जिसकी बाजार में कीमत लगभग 18 से 20 लाख रुपये है। पुरे वन क्षेत्र में कुछ लोग जेसीबी से हाथों से कुदाल फावड़े द्वारा निकाल रहे हैं जिसके कारण जगह-जगह गड्ढे मौके पर देखे जा सकते हैं। साथ ही जब जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने वन अधिकारी से बात की तो उक्त कक्ष क्रमांक का बीड गार्ड लोचन साहू ने साफ़ झूठ बोलते हुए कहा की शिकायत मिलने पर मैं खनन स्थल आया था पर वँहा पर ग्रामीण जन शाम तक वन विभाग के कर्मचारी का राह देखते रहे, और पत्थर माफिया ने संलिप्त जेसीबी व् हाइवा को उक्त स्थल से भगा ले गया। फिर भी कर्मचारी नहीं पहुंचे दूसरे दिन कागजी कार्यवाही के नाम पर कुछ नग बोल्डर पत्थर को ही जब्ती बनाया गया। सबसे बड़ा सवाल तो यह उठता है कि इतने किमती पत्थर की खान निकलने के बाद भी वन विभाग और जिले के बड़े अधिकारी सुध क्यों नहीं ले रहे है। जागेश्वर चंद्राकर व पप्पू पटेल ने इस पुरे छेत्र के खनिज सम्पदा को माफियाओं से बचाने के लिए विधिवत लीज पर देने की बात वन अधिकारी को कही ताकि राजस्व कोष में इसकी राशि जमा हो सके। उक्त कार्यवाही स्थल में खिरसली से बृजमोहन पटेल, खड़सा से मालिकराम यादव, अजय दास पीढ़ी से उमेश चंद्राकर नविन चंद्राकर व् ग्रामीण उपस्तिथ थे।

आईपीएल मैंच में 5 सटोरियों को पुलिस टीम ने धर दबोचा

■ **सटोरियों से कुल रकम 100050 रूपये जप्त**

कवर्धा-(नवप्रदेश)। शहर के कई जगहो में कुछ लोग आईपीएल क्रिकेट मैच में रूपये पैसे का दांव लगाकर सट्टा खिला कर अवैध धन अर्जित कर रहे है। जिस पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल विभिन्न क्षेत्रो मे चार टीम बनाकर रवाना किया गया जिसमे दर्रीपारा कवर्धा में सट्टा खेला रहे अब्दुल मुकिम पिता अब्दुल मुबीन खान को तथा गुप्तापारा कवर्धा में सट्टा खेला रहे नारायण गुप्ता पिता विश्वनाथ गुप्ता, कबीरपारा कवर्धा में सोनू निषाद पिता धरम निषाद, संतोषी मंदिर के पास गुप्तापारा से राहुल पिता गज्जू जायसवाल, रामनगर कवर्धा में जानी ठाकुर पिता राजू ठाकुर को आईपीएल सट्टा खिलाते हुये पाये जाने से जुमला रकम 100050 रूपये सट्टा पट्टी, 06 नग मोबाईल जप्त कर थाना कवर्धा में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्य में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह, सउनि आशीष सिंह, रघुवंश पाटिल, संजय मेरावी, चन्द्रकांत तिवारी, प्रधान आरक्षक .297 चुम्मन साहू, 324 राजकुमार चन्द्रवंशी, 329 धन्नू दिवाकर, आर.-रविप्रकाश पाटले , आर शमशेर अली, संदीप शुक्ला, दिलीप लहरे, सैनिक अनिल पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा है।

सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ 4 गिरफ्तार

कवर्धा-(नवप्रदेश)। ग्राम नवापारा मे 1. मो, आसिफ पिता असफाक शेख उम्र 21 साल 2. धरम यादव पिता ईश्वर यादव उम्र 20 साल दोनो निवासी जमुनिया थाना स0 लोहारा एंव 3. चंद्रप्रकाश पिता प्रहलाद दास उम्र 45 साल साकिन नरोधी बिडोरा मे तथा 4. ग्राम भैसबोड मे ओमप्रकाश पिता संतुदास उम्र 36 साल साकिन भैसबोड थाना स0 लोहारा को थाना स0 लोहारा स्टाप के टीम द्वारा अलग अलग स्थानो पर रंगे हाथो सट्टा पट्टी लिखते पकडा गया।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

कवर्धा-(नवप्रदेश)। पांडातराई क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोंगरिया में सड़क दुर्घटना से एक व्यक्ति घायल हो गया है। ईआरव्ही टीम के द्वारा घटना की सूचना डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर दिया गया। डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर से ईआरव्ही टीम को तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। डायल 112 की टीम घटना स्थल पहुँचा जहॉ अरूण कुमार जोशी पिता देवेंद्र जोशी उम्र 60 साल निवासी छीरहा (घोठिया) थाना कोतवाली कबीरधाम स्वयं के मोटर सायकल से सड़क किनारे बिछे गिट्टी में फिसल कर गिर गया था, गिरने से उसके सिर में गहरा चोट लगा था। डायल 112 की टीम के द्वारा तत्काल घायल को ईआरव्ही वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया ले जाकर भर्ती कराया गया एवं उसके परिजन को को फोन से सूचित किया गया। इस कार्यवाही में आरक्षक 480 मनोज पोर्ते, आरक्षक दिलीप साहू चालक मुकेश निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

मंत्री ताम्रध्वज साहू को जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भेंट की मानस के हँस किताब

बेमेतरा/साजा। प्रदेश के धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू से जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ग्राम पंचायत बावा मोहतरा और ग्राम पंचायत लोलेसरा को तीर्थ ग्राम के रूप में विकसित करने चर्चा की। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि मंत्री जी ने सकारात्मक जवाब दिया है। प्रज्ञा निर्वाणी ने यह भी कहा कि बावा मोहतरा और लोलेसरा के खाली भूमि में छोटे छोटे फुलवारी बनाने का भी मांग मंत्री ताम्रध्वज साहू के समक्ष रखा है। पंचायत के सदस्यों से चर्चा उपरांत इस दिशा में कार्य प्रारंभ किया जाएगा,

तीर्थ गांव बन जाने से सरकार के विशेष विकास पैकेज के तहत इन गांवों को सजाने और सवारने का काम होगा, स्थानीय युवाओ और महिलाओ के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं ग्राम पंचायत पेडितरई के ग्रामीणों ने भी

पेडितरई को तीर्थ गांव की तरह विकसित करने की मांग करते हुए कहा है कि पेडितराई शक्ति पीठ है, मान्यता है कि माता सती का नाभि यहां गिरा था, इसलिए इस पुण्य स्थान पर छत्तीसगढ़ी व्याकरण अनुसार बोर्रा (नाभि) माता का मंदिर की स्थापना की गई है, यहां कामना पूर्ति के लिए नवरात्रि के समय बड़ी संख्या में दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं और इस गांव में वैसे भी दुर्व्यसनों और मांसाहार पर अघोषित प्रतिबंध ही है, जिसका पालन सभी भक्त गण स्वस्फूर्त होकर करते है।

साजा विधानसभा में क्षेत्र विकास योजनांतर्गत 4 कार्यो के लिए 16 लाख 30 हजार रूपए स्वीकृत

बेमेतरा/साजा। जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों में 4 कार्यों के लिए 16 लाख 30 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश के कृषि, पशुपालन एवं जल संसाधन मंत्री रवीन्द्र चौबे की अनुशंसा पर कलेक्टर शिव अनंत तायल ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत उक्त स्वीकृति दी है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र साजा के विकासखंड साजा अंतर्गत ग्राम गडुवा मे महावीर मंदिर से लेकर नूतन पटेल के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2 लाख 80 हजार रुपए एवं शीतला मंदिर से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण 3 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम डंगनिया में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत मौहाभाठा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

अपहरणकर्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कवर्धा। ईकलाक खान पिता बशीर खान उम्र 35 साल सा . आदर्शनगर कवर्धा जिला कबीरधाम ने दिनांक 24 सितम्बर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1.00 बजे करीब इसके भाई सलीम उर्फमोंगली पिता बशीरखान उम्र 24 साल को क्रेटा वाहन लाल कलर मे 03-04 व्यक्ति जो पीजी कालेज कवर्धा से अपहरण कर ले गए कि रिपोर्ट सुनने के बाद प्र.शि.डीएसपी थाना प्रभारी कवर्धा के द्वारा तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये अप.क .516/2020 धारा 365, 342,34 भा.द.वि कायम कर विवेचना मे लिया गया एवं आरोपी शिवम यादव पिता विजय यादव उम्र 20 साल सा.दाउचारा खैरागढ़ जिला राजनांदगांव को दिनांक 25.09.2020 को गिरफ्तार किया।जाकर ज्यु.रिमांड पर भेजा गया है एवं आरोपी राजू उर्फ राजकुमार राजपुत को दिनांक 26.09.2020 को गिरफ्तार कर मान , न्यायालय पेश किया गया जो ज्यु . रिमांड पर भेजा गया है।

7 साल के बाद बेटी के मिलने पर परिजनों के चेहरे पर आई मुस्कान

कवर्धा। दुखित पिता मेहत्तर उम्र 44 साल साकिन खजरी थाना स लोहारा जिला कबीरधाम द्वारा आज से 07 वर्ष 05 माह पुर्व दिनांक 14/5/2013 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 19 वर्षीय लड़की दिनांक 08/05/2013 के रात्रि 10:30 बजे से घर मे किसी को बिना बताये कही चली गयी है, रिपोर्ट पर थाना मे गुम इंसान क्रमांक 12/13 कायम कर जांच में लिया गया था तब से लगातार गुमशुदा महिला की खोजबीन की जा रही थी लेकिन गुमशुदा का कोई पता नही चल पा रहा था गुमशुदा के परिजनो ने भी मिलने की आस छोड दिया था धीरे- धीरे सभी उम्मीद छोड़ रहे थे और गुमशुदा ने भी इतने सालो मे कभी अपने परिजनो से संपर्क करने का प्रयास नही किया, गुमशुदा एवं परिजन दोनो लगभग एक दुसरे को मृत समझ लिये थे इसी बीच नए थाना प्रभारी द्वारा वर्षो से वक्त के पहियों के बीच दबी इस गुम महिला को ढूढने का नए सिरे से बीड़ा उठाते है , जिनके द्वारा नये सिरे से प्रकरण की जांच प्रारंभ की गयी, और विशेष प्रयास उत्कृष्ट पुलिसिंग एवम वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन के सहारे 07 साल 05 माह से गुम लापता महिला को ढुढने में सफल रहे, गुम महिला घटना दिनांक को घर से बिना किसी को बताये अपने मर्जी से प्रेम संबंध के कारण घर छोड़कर चली गयी थी घर से रायपुर जाकर अपनी स्वेच्छा से मनपसंद विवाह कर अपने पति के साथ रायपुर में रह रही थी सामाजिक भय एवं मर्यादा के कारण आज तक अपने परिजनो से कोई संपर्क नही की थी परिजन प्रयास करके भी संपर्क नही कर पाए थे, वर्तमान में गुम बालिका करीबन 27 साल की है , और दो बच्चो के साथ अपने भरे पुरे परिवार के साथ खुश है, इतने दिनो बाद अपने गुम लड़की के जीवित सही सलामत और परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतित करने की खबर थाना प्रभारी से पाकर लड़की के पिता एवम परिजनों के आंखो मे खुशी के आंसू एवं मुस्कान भर आयी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

केंद्र की एक नहीं...

छत्तीसगढ़ में किसान विरोधी काले कानूनों के खिलाफ किसान सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुझाव दिया कि 10 अक्टूबर को सभा राजीव भवन में मंच बनाकर की जाये। सभी 307 ब्लाकों में भी विडियो कान्फ्रेसिंग के द्वारा हर ब्लाक में कम से कम सौ किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को साथ लेकर परस्पर दूरी बनाये रखते हुये वरचुअल सभा आयोजित की जाये। बूथ ईकाई तक हस्ताक्षर अभियान का फार्मेट जाना चाहिये। ताकि हस्ताक्षर अभियान को गति दी जा सके। किसान बिल से होने वाले हर तरह के नुकसान के बारे में शहरी और ग्रामीण मतदाताओं को भी बताने की आवश्यकता है। इन किसान विरोधी कानूनों को लेकर भाजपा नेताओं को में कटघरे में खड़ा करने और भाजपा के किसान विरोधी, गरीब विरोधी चरित्र को उजागर करने का निर्णय लिया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया ने सभी प्रवक्ताओं और जिला कांग्रेस अध्यक्षों को निर्देशित दिया कि अब सबको बताना है कि किसान विरोधी कानूनों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रावधान नहीं है। कान्टेक्ट फार्मिंग के द्वारा अब कंपनिया ही तय करेगी कि किसान खेतो में क्या काम करेंगे। मोदी सरकार इस्ट इंडिया कंपनी की वापसी करने में लगी है।

आडवाणी, जोशी कल्याण...

वालों में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती, सतीश प्रधान और नृत्य गोपाल दास शामिल थे।

फैसले का स्वागत...

मनोहर जोशी ने न्यायालय के फैसले को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे प्रमाणित हुआ है कि छह दिसम्बर की अयोध्या की घटना में कोई षड्यंत्र नहीं था । हमारा कार्यक्रम और रैली षड्यंत्र का हिस्सा नहीं था। सभी लोग राम मंदिर के निर्माण को लेकर अब उत्साहित हैं । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ की विशेष अदालत द्वारा बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में श्री लाल कृष्ण आडवानी, श्री मुरली मनोहर जोशी, श्री कल्याण सिंह , सुश्री उमा भारती समेत 32 लोगों के किसी भी षड्यंत्र में शामिल न होने के निर्णय का वह स्वागत करते हैं। इस निर्णय से यह साबित हुआ है कि देर से ही सही मगर न्याय की जीत हुयी है।

25 लाख, घर और नौकरी...

सीएम ने पूरे घटनाक्रम पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए टीम को घटना की तह तक जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समयबद्ध ढंग से जांच पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए हैं।

पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट में...

अगर स्मार्ट और तेजी से कदम नहीं उठाए गए तो और भी लोग अभी मरेंगे। डेमोक्रेट नेता ने ट्रंप से कहा कि आप अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हुए हैं। इस आरोप पर ट्रंप ने भी पलटवार किया। ट्रंप ने बाइडेन से कहा कि आप नहीं चाहते थे कि कोरोना को देखते हुए चीन के लिए हमें अपने दरवाजे बंद कर देने चाहिए क्योंकि आप समझते थे कि यह भयानक है। मास्क नहीं पहनने के सवाल पर ट्रंप ने कहा कि जब मुझे जरूरत समझ में आती है तो मैं मास्क पहनता हूं। मैं बाइडेन की तरह से मास्क नहीं पहनता हूं। जब भी आप उनको देखते हैं वह मास्क में रहते हैं। वह 200 मीटर दूर से बोलते रहेंगे लेकिन मास्क पहने रहेंगे। ट्रंप ने कहा कि अगर बाइडेन राष्ट्रपति होते तो अमेरिका में कम से कम 20 लाख लोग मारे गए होते।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 433 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कुश कुमार गुप्ता पिता बलराम प्रसाद निवासी रायपुर द्वारा ग्राम गनौद, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. पलौद में स्थित भूमि खसरा नंबर 800/5 रकबा 0.08 हे. का भाग रकबा 1127 वर्गफीट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 1127 वर्गफीट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 434 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार तेजवानी पिता इंदरलाल तेजवानी निवासी रायपुर द्वारा ग्राम अकोलडीह, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 109/2 रकबा 0.32 हे. का भाग रकबा 0.11 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.11 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 09/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 442 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार तेजवानी पिता इंदरलाल तेजवानी निवासी रायपुर द्वारा ग्राम अकोलडीह, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 112 रकबा 0.47 हे. का भाग रकबा 0.12 हे. भूमि का व्यपर्वन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.12 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 439 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शीला वर्मा पति खेमन वर्मा निवासी गैतरा तहसील तिल्दा जिला रायपुर द्वारा ग्राम मुनगेसर प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. चंदखुरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 110/13 रकबा 0.023 हे. याने 2475 वर्गफीट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.023 हे. याने 2475 वर्गफीट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती नीलम जैन पति रजनीश कुमार जैन निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम कोटनी, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. पलौद में स्थित भूमि 465/3 रकबा 0.11 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.11 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन औद्योगिक प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 443 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार तेजवानी पिता इंदरलाल तेजवानी निवासी रायपुर द्वारा ग्राम अकोलडीह, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं चंदखुरी, में स्थित भूमि खसरा नंबर 159 रकबा 0.12 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 0.13 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 12/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 424 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भूषण लाल पिता तुलाराम साहू द्वारा ग्राम समोदा, प.ह.नं. 47, रा.नि.मं. समोदा में स्थित भूमि खसरा नंबर 999/1 रकबा 0.05 हे. में से उक्त भूमि का 500 वर्गफीट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल रकबा 500 वर्गफीट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 09/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 423 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्राजंल सोनकर पिता ईश्वर कुमार सोनकर निवासी रामकुंडपारा रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम नरदहा, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 1632, 1633/2, 1634, 1635 रकबा क्रमशः 0.0500, 0.0100, 0.0500, 0.0500 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.1600 हे. भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा वादभूमि का कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.1600 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 09/10/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — **सक्षम अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

सुभाषनंद हुए सेवानिवृत्त

महासमुंद। पुलिस कार्यालय में आयोजित विदाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक एवं सहकर्मियों ने की श्री नंद के सेवा-समर्पण की सराहना। पुलिस विभाग जिला महासमुन्द में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्री सुभाषनन्द आज सेवानिवृत्त हुवे। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर, रक्षित निरीक्षक नीतीश आर नायर सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में श्री सुभाषनंद जी को भावभीनी विदाई एवं बेहतर स्वस्थ हेतु शुभकामनाएं दी गयी।

संकुल तुलसी मानपुर शिक्षकों का अनूठा पहल

खरोरा। तिल्दा ब्लॉक के संकुल तुलसी मानपुर के समस्त शिक्षक समुदाय द्वारा स्वर्गीय साथी सुरेन्द्र वैष्णव (तिल्दा) के परिवार के लिए एक श्रंद्धजलि रूपी आर्थिक सहयोग 35000 रुपये की मदद कर अनूठा मिसाल कायम की है।जिसकी प्रशंसा पूरे अंचल में की जा रही है।अपने दिवंगत साथी के इस अपार दुखद घड़ी में तिल्दा ब्लॉक के समस्त शिक्षक संवर्ग,समाज सेवी,जन समुदाय परिवार के साथ खड़े हुए है ,इन्ही सहयोग क्रम में अन्य संकुलों से आर्थिक सहयोग की जा रही है। मानवीय संवेदना को देखते हुए प्रेरणा स्रोत शिक्षक संघ के भीष्म पितामह माने जाने वाले शिक्षक श्री दिनेश आडिल जी(॥स्स्-टोहड़ा) के पहल पर संकुल तुलसी मानपुर के शिक्षकों ने कदम से कदम मिलाते हुये अनुकरणीय सहयोग कर प्रदेश स्तर व शासन को संकेत करते हुए एकता का परिचय दे रहे है ।इस पावन कार्य मे विशेष रूप से दिनेश आडिल, समन्वयक श्याम लाल वर्मा,डोमार वर्मा,संजु वर्मा,डागेश्वर वर्मा ,श्याम वर्मा,चित्रसेन वर्मा,हुमन्त धीवर के साथ समस्त संकुल तुलसी मानपुर शिक्षक परिवार का सराहनीय सहयोग रहा है।

महिलाओं को स्वरोजगार कार्यक्रम से जोड़ रहा अदाणी फाउंडेशन

खरोरा। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दृष्टि से अदाणी फाउंडेशन रायखेड़ा द्वारा लंबे समय से विभिन्न स्वरोजगार संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया का रहा है। इसी क्रम में पिछले दिनों ग्राम पंचायत रायखेड़ा में स्वरोजगार समूहों के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समूह की महिलाओं को आय अर्जन गतिविधियों के माध्यम से स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान मां गायत्री स्वसहायता समूह को पापड़ निर्माण, जय लक्ष्मी मां स्वसहायता समूह को किराया बर्तन भण्डार और अन्नपूर्णा स्वसहायता समूह को दोना पत्तल निर्माण हेतु वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई। इसके आलावा ग्राम पंचायत चिचोली के जय मां लक्ष्मी एवं सहायता समूह को चप्पल निर्माण के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि श्री संतोश कुर्रे ने कहा कि, अदाणी फाउंडेशन के अथक प्रयासों से आय अर्जन गतिविधि के क्षेत्र में मौजूद समूहों के लिए आगे बढ़ने के सैकड़ों रास्ते खुलें हैं, जिससे महिलाएं अपने घरों में रहकर न सिर्फ आय अर्जन करने में सक्षम हो रही हैं बल्कि अपने परिवार की आर्थिक आमदनी में भी सहयोग कर रही हैं। स्वाभाविक तौर पर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकारी समूहों को नई दिशा मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

देश व किसानों से छल कर रही मोदी सरकार : केसरी मोहन साहू

खरोरा। भारत के इतिहास में राज्यसभा में किसान विधेयक बिल को पास कराने के लिए जो हतकंडे मोदी सरकर ने अख्तियार किऐ है,वह काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। उक्त बातें श्रीमति केसरी मोहन साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा किसान विरोधी और पूंजीपतियों के समर्थक करते हुए किसान विधेयक बिल लाया है, जो देश के किसानों को गर्त में ले जाने वाला झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश और किसानों को छलने का काम कर रही है। किसानों के अधिकार के नाम पर मोदी सरकार मंडी व्यवस्था व समर्थन मूल्य जैसे मुद्दो में भटकाव लाकर किसानों के हित को पुंजीपतियो के हाथों गुलाम बनना चाहती है और विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। यह लोकतंत्र की हत्या है, इसे देश बर्दाशत नही करेगा। केसरी मोहन साहू ने कहा की जिस बिल की बात राजग की सरकार कर रही है वह बिहार में लागू है, लेकिन वहाँ के किसानो की हालत किसी से छीपी नही है। यह बिल सीधे तौर पर व्यापारी पूंजीपतियों के भरोसे कीसानों को सौपने की साजिश हैं जिसका कांग्रेस पूरजोर विरोधी करती है।

मादा हाथी के शिकारी वनविभाग की पकड़ से दूर

शेखर नायडू

पिथौरा (नवप्रदेश)। ग्राम किशनपुर में शिकार हुई हथनी के कातिल वन विभाग की पहूंच से दूर है पकडे गये संदिग्ध लोगों ने अभी तक शिकार करना नहीं कुबूला है ना ही उनको मजबूत सबूत जुटा पाने में कामयाबी हासिल हुई है।

मामला शुक्रवार की रात ग्राम किशनपुर का है जहां शिकारियों के द्वारा शिकार के लिए चालू बिजली प्रवाहित तार इलेवन केवी हाई वोल्टेज को जोड़ कर खेत से लगे जंगल में फैलाकर रखा था। रात में विचरण कर रही मादा हाथी इसकी चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई थी सुबह वन विभाग के आलाधिकारी पहूंचे और स्थानीय उच्च अधिकारियों को जांच करने आदेश दे दिया किंतु जांच की गंभीरता हाथी की मौत की गंभीरता से कम लगता नजर आ रहा है।

पकड़ाये संदिग्ध लोगों ने पुराने शिकार स्वीकार किया

पकडाये संदिग्ध लोगों से पुछताछ में बताया गया कि पूर्व में बिजली तार की चपेट में भालू आ गया था जिसे वहीं आसपास दफनाया गया था आरोपी की निशानदेही पर वन विभाग की जांच टीम मौके पर भालू के अवशेष बरामद किया और आगे की कार्यवाही वन अधिनियम के तहत की जा रही है आरोपियों के इस कुबूलनामे में अन्य लोगों के नाम आने बाकी है जिसमें और गिरफ्तारी होनी तय है

मुख्यालय से नदारत कर्मचारी

पूरे जिला के वन विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों की जांच और पुछताछ किया जाऐ मौके मुख्यालय से नदारत रहेने की खबर सामने आएगी पूर्व में भी कई वनरक्षकों के अपने मुख्यालय में नहीं रहने की शिकायत होती रही है इसी प्रकार अधिकारी भी अपने मुख्यालय में नजर नहीं आते।इसप्रकार की घटना से जिला अधिकारी पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है

हाथियों के नाम पर कौन मालामाल : जहाँ वनविभाग हाथी के शिकार की गुथ्थी सुलझाने में लगा है देरसबेर आरोपी पकड़े जायेंगे लेकिन पूर्व मे हाथियों के नाम पर फसल क्षति के अनाप शनाप प्रकरण तैयार कर भारी मात्रा में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया था जिसमें निलंबन की कार्यवाही की गई थी उक्त प्रकरण जिला मुख्यालय से 21/07/2020 को चोरी हो गया था। जिसमें अभी तक कोई बडी कार्यवाई सामने नहीं आई है। खबरों के अनुसार विभाग के उपर इस मामले की लीपापोती करने आरोप लगा था। हाथियों के बचाव और उनके द्वारा की गई क्षति के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहा है।इसका फायदा किसे प्राप्त हो रहा यह जानवरों को पता नहीं पर इंसानों को पता है

मृत मादा हाथी के बच्चे ढूंढ रहे हैं अपनी मां को

जानवर बने इंसान ने बच्चों को अपनी मां से किया आनाथ किशनपुर मे शिकार हुई मादा हाथी के शायद दो बच्चे ढूंढ रहे हैं अपनी मां को क्योंकि इस घटना के कुछ घंटे बाद एक दो बच्चों और एक वयस्क हाथियों का झुंड घटना स्थल से तीन-चार किलोमीटर दूर ग्राम टेका जंगल में देखा गया था आज भी उन्हें नेशनल हाईवे 53 को पार करते देखा गया है लगता है वो अपनी मां को ढूंढ रहे हैं

अमीत को मिली भाजयुमो की कमान

गरियाबंद। भाजपा द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की सुची जारी की गई। नई कार्यकारिणी में रायपुर दक्षिण विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के खास समर्थक और उनके बेहद करीबी माने जाने वाले अमित साहू को भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। अमित साहू मूलत रायपुर के रहने वाले है। उनका निवास रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में ही है। इसके पहले वे युवा मोर्चा में रायपुर जिला के महामंत्री और प्रदेश मंत्री के पद भी रह चुके है।

अपने नियुक्ति के बाद नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू सबसे पहले अपने आदर्श और राजनीतिक गुरू पूर्व मंत्री व रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल के निवास पहुचे और उनका आर्शीवाद लिया। श्री अग्रवाल ने मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। श्री अग्रवाल ने उन्हे बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर गफ्फू मेमन, तुषार चोपड़ा, सचिन मेघानी, सौरभ जैन, अर्पित सूर्यवंशी, गुरमीत सिंग, फणीन्द्र तिवारी, विपिन साहू, अनुराग साहू, गोपाल साहू, गौतम साहू, संभव शाह, राहुल राय, विकास साहू, आशीष शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजुद थे।

इधर अपने नियुक्ति के बाद भाजुयमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा उन्हे युवा मोर्चा के महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौपी है। इसके लिए मैं प्रदेश संगठन व मेरे आदर्श बृजमोहन भैया सहित सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। मै पार्टी को विश्वास दिलाता हूॅ कि संगठन के विश्वास पर खड़ा उतरूंगा। श्री साहू ने कहा कि विपक्ष के दौर में पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा की टीम को रिचार्ज किया जाएगा। प्रदेशभर में युवा मोर्चा को संगठित, मजबुत और सशक्त करने की दिशा में काम करेंगे। नए उत्साह और आक्रमता के साथ युवा मोर्चा की टीम कांग्रेस सरकार की विकास विरोधी नीतियो पूरे जोश और ताकत के साथ विरोध दर्ज कराएगी।

दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि 1 लाख रूपये

भाटापारा। राज्य शासन द्वारा दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांग युवक-युवतियों द्वारा विवाह किए जाने पर एक लाख रूपए का प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। इस योजना के तहत दिव्यांग युवक-युवतियों द्वारा विवाह किये जाने पर युवक या युवती में से कोई एक के दिव्यांग होने पर 50 हजार रुपए एवं दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि एकमुश्त प्रदाय किया जाता है। दिव्यांगजनों को समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिये संचालित दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्रता रखने वाले दम्पत्तियों से आग्रह किया गया है कि योजना का लाभ लेने हेतु ऑनलाईन अथवा अपने जनपद पंचायत कार्यालय के माध्यम से या सीधे उप संचालक समाज कल्याण कार्यालय, में आवेदन जमा कर सकते है।

प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का डोंगरीडीह पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

लवन। रायपुर से गिरौदपुरी जाते समय प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम कसडोल क्षेत्र के विधायक संसदीय सचिव सुश्री शकुन्तला साहू , प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री प्रेमचंद जायसी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, कांग्रेस नेता पिन्टु वर्मा, गोपी साहू, मनीष चन्द्राकर, अजय वर्मा का डोंगरीडीह पहुंचने पर क्षेत्र क्रमांक 25 की जनपद सदस्य श्रीमति युवती राजू वर्मा के नेतृत्व में डोंगरीडीह सरपंच महेश्वरी घृतलहरे, सरपंच प्रतिनिधि पंकज घृतलहरे, चितावर सरपंच रामप्रसाद वर्मा, तोताराम कुर्रे, नरेश भारद्वाज, लक्ष्मीनारायण पाटले, राजकुमार कैवर्त्य, पुष्पेन्द्र वर्मा, शिवा वर्मा, हेमन्त वर्मा, सुकालू खुंटे, कामता घृतलहरे, अरूण घृतलहरे, चुडामणी वर्मा, बिरेन्द्र वर्मा, अनिल खुंटे, भास्कर कैवर्त्य, जगजीवन कोसले, नाथूराम, राजकृमार घृतलहरे के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

ताश पत्ती का जुआ खेलते हुए 03 आरोपी गिरफ्तार,1770 रूपये जप्त

भाटापारा। शिवलाल मेहता स्कूल के पीछे सार्वजनिक गली में ताश पत्ती का जुवा खेल रहे 3 लोगो को पुलिस ने पकड़कर उनके पास से कुल 1770 रूपये और ताश पत्ती जब्त कर उनके खिलाफ जुवा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थानेदार महेश कुमार धुव ने बताया की मुखबीर से सुचना मिली कि शिवलाल मेहता स्कुल के पिछे गली में कुछ जुआडियान जुआ तास पत्ती पर खेल रहे है कि सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी ने घटना स्थल पर पहुँचकर जुआ खेल रहे *01. दुलरवा पिता बुदू यादव उम्र 40 साल गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा के फड़ से 500 रूपये पास से 100 रूपये 02. राजू दास मानिकपुरी पिता श्याम दास मानिकपुरी उम्र 29 वर्ष साकिन गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा के फड़ से 500 रू . पास से 70 रूपये 03. राज कुमार साहू पिता दयाशंकर साहू उम्र 29 साल साकिन गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा के फड़ से 400 पास से 200 रूपये कुल जुमला रकम 1770 / रूपये* नगदी एवं 52 पत्ती तास जब्त कर उन सभी के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही कि गई है । उक्त कार्यवाही मे सउनि ओम साहू , मण्डलेश्वर , आर. श्रीचंद ध्रुव , रामेश्वर मरावी , द्वारिका साहू का विशेष योगदान रहा है ।

मंत्री टीएस सिंहदेव के प्रयासों से छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुआ ओडीएफ प्लस में द्वितीय स्थान

- स्वच्छता के प्रति जागरूकता और क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन कर देश में छत्तीसगढ़ को मिला दूसरा स्थान

भाटापारा। कोरोना काल में देश ने स्वच्छता के महत्व को गहराई से समझा है, इस जागरूकता के लिए प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री टी एस सिंहदेव के प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं। यह उनके प्रयासों और नीतियों का ही फल है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस 2 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 08 अगस्त से 15 अगस्त 2020 तक चलाये गये गंदगी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ने 62 गांव ओ.डी.एफ प्लस घोषित किये हैं। यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि सर्वाधिक ओ.डी.एफ प्लस गांव घोषित करने की केटेगरी में छत्तीसगढ़ राज्य को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वी जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य को माननीय केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

आगे भी स्वच्छता की मुहिम जारी रखेंगे : टीएस सिंहदेव

1 अप्रैल 2020 से शुरू हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के फेस-2 के अंतर्गत ओ.डी.एफ का स्थायित्व सहित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्य कर सभी गांवों को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जायेगा। ओ.डी.एफ प्लस गांव के लिए 8 मापदण्ड भारत सरकार ने निर्धारित किये है इसमें खुले में शौच मुक्त का स्थायित्व सार्वजनिक शौचालय की उपलब्धता 80 प्रतिशत घरों और सभी स्कूल/आंगनबाड़ी पंचायत भवन में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था, कूड़ा करकट एवं पानी का सर्वाजनिक स्थलों पर जमाव न होना, स्वच्छता का व्यापक प्रचार-प्रसार आदि सम्मिलित है। प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री टी एस सिंहदेव ने बताया कि इन मापदण्डों को पूरा करते हुए हमनें 82 गांवो को ओ.डी.एफ प्लस घोषित किया गया है। वर्तमान समय में विभाग के अधिकारियों एवं जन-जागरूकता से प्राप्त हुई इस उपलब्धि पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

नवागढ़ पुलिस ने मोटर पम्प चोर को पकड़ा

नवागढ़। थाना नवागढ़ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मोटरपम्प चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया। पम्प के मालिक आत्माराम निवासी सलहेघोरी थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा द्वारा की रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 सितंबर के दोपहर को उसके खेत से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरपम्प और केबल वायर कीमती 13500/- को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जिस पर पुलिस अनुभागी अधिकारी राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह एवं थाना स्टाफ़ द्वारा माल मुलज़िम पता तलाश के दौरान 30 सितंबर को विवेचना दौरान जानकारी मिली की गाँव का ही शिवचरन जांगड़े चोरी का मोटर पम्प रखे हुए की शंका ज़ाहिर की गयी। जिस पर थाना स्टाफ़ के मौक़े पर रवाना हो कर संदेह शिवचरन से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया और चोरी की मोटर पम्प और केबल को उसके घर से बरामद किया गया है आरोपी शिवचरन जांगड़े का कृत्य अपराध धारा सादर घटित करना पाए जाने से विधिवत गिरफ़्तार कर रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है7 उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अम्बर सिंह, प्रधान आरक्षक पवन राजपूत ,आरक्षक रविचंद्रवंशी, हेमप्रकाश साहू , कमलेश अंचल , अमित यादव एवम् सैनिक नितेश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

आज से होने जा रहे हैं कई बदलाव, जिसका आम जीवन पर पड़ेगा सीधा असर

भाटापारा। बढ़ते कोरोना वायरस की मुसीबतों के बीच अब आने वाले महीने यानि अक्टूबर की शुरुआत से ही आम जीवन के रोजमर्रा की चीजें बदलने वाली है। दरसल 1 अक्टूबर से कई चीजों के नियमों में बदलाव आने वाले है इन नियमों में कुछ ऐसी नियम भी हैं, जिसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ने वाला है।गौरतलब है की आने वाले महीने में रसोई गैस व प्रकृति गैस की कीमतें, विदेशों में पैसे भेजने पर टीसीएस आदि के नियमों में बदलाव आ रहे है। ऐसे में आपके लिए जरूरी है कि आप इनके बारे में पहले से जान लें।

मिठाई वालो को करना होगा इन नियमों का पालन......

सरकार स्थानीय दुकानों यानी आपके पड़ोस वाली हलवाई की दुकान पर मिलने वाले खाने-पीने के सामन की क्वालिटी में सुधार लाने के लिए सरकार ने नए नियम (Sweet Outlets) लागू करने का फैसला किया है।1 अक्टूबर 2020 के बाद से, स्थानीय मिठाई की दुकानों को भी परातों एवं डब्बों में बिक्री के लिए रखे गए मिठाई के लिए 'निर्माण की तारीख' तथा उपयोग की उपयुक्त (Best Before Date) अवधि' जैसी जानकारी प्रदर्शित करनी होगी। मौजूदा समय में, इन विवरणों को पहले से बंद डिब्बाबंद मिठाई के डिब्बे पर उल्लेख करना अनिवार्य है। स्रस्स्ह्र ने नए नियम जारी किए है।

मोटर वाहन के नियमों में होगा संशोधन.......

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन नियमों में संशोधन करने की जानकारी दी है। इसके बाद अब 1 अक्टूबर से वाहन संबंधी जरूरी डॉक्युमेंट्स जैसे- लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट्स, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट्स आदि को सरकार द्वारा संचालित वेब पोर्टल के माध्यम से मेंटेन किया जा सकेगा। इलेक्ट्रॉनिक पोर्टल के जरिए कमंपाउंडिंग, इम्पाउंडिंग, एंडॉर्समेंट, लाइसेंस का सस्पेंशन व रिवोकेशन, रजिस्ट्रेशन और ई-चालान जारी करने आदि का काम भी हो सकेगा। मोटर वाहन (संशोधन) कानून के तहत इन नियमों को 1 अक्टूबर से लागू कर दिया जाएगा।

रसोई गैस हो सकते है सस्ते

हर महीने की शुरुआत में सरकारी कंपनियां रसोई गैस और प्रकृतिक गैस के दाम को रिवाइज करती है। पिछली बार यानी सितंबर महीने में 14.2 किलोग्राम और 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर के दाम में कमी की गई थी। उम्मीद है कि अक्टूबर में रसोई गैस के दाम घट सकते हैं।

ट्रांजैक्शन पर लगेगा टैक्स

केंद्र सरकार ने विदेश पैसे भेजने पर टैक्स वसूलने से जुड़ा नया नियम बना दिया है। ये नियम 1 अक्टूबर 2020 से लागू हो जाएगा। ऐसे में अगर आप विदेश में पढ़ रहे अपने बच्चे के पास पैसे भेजते हैं या किसी रिश्?तेदार की आर्थिक मदद करते हैं तो रकम पर 5 फीसदी टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स (ञ्जष्टस्) का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। फाइनेंस एक्ट, 2020 के मुताबिक, रिजर्व बैंक ऑफइंडिया (RBI) की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (LRS) के तहत विदेश पैसे भेजने वाले व्यक्ति को टीसीएस देना होगा। बता दें कि एलआरएस के तहत 2.5 लाख डॉलर सालाना तक भेज सकते हैं, जिस पर कोई टैक्स नहीं लगता। इसी को टैक्स के दायरे में लाने के लिए टीसीएस देना होगा।

टीवी सेट होंगे महंगे

टीवी के विनिर्माण में उपयोग होने वाले ओपन सेल के आयात पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क 1 अक्टूबर से फिर लगाया जाएगा। एक साल की छूट अवधि समाप्त होने के बाद यह शुल्क लगाया जा रहा है। वित्त मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल टेलीविजन के महत्वपूर्ण उपकरण ओपन सेल पर एक साल के लिये यानी 30 सितंबर तक सीमा शुल्क से छूट दी थी। इसका कारण घरेलू उद्योग का क्षमता निर्माण के लिये समय मांगना था।

टेलीविजन उद्योग का कहना है कि 32 इंच के टेलीविजन का दाम 600 रुपए और 42 इंच का दाम 1,200 से 1,500 रुपए बढ़ेगा। बड़े आकार के टेलीविजन के दाम में अधिक वृद्धि होगी। वित्त मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि प्रमुख ब्रांड 32 इंच टीवी के लिए 2,700 रुपए और 42 इंच के लिए 4,000 से 4,500 रुपए की मूल कीमत पर ओपन सेल आयात कर रहे हैं। ऐसे में अगर ओपन सेल पर पांच प्रतिशत शुल्क लगाया जाता है, यह 150 से 250 रुपए प्रति टेलीविजन से अधिक नहीं होगा।

इस चीज के मिलावट में लगी रोक

उत्तर रत में इस्तेमाल होने वाले सरसों तेल को लेकर फूड रेग्युलेटर एफएसएसएआई यानी भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने नए नियम जारी किए हैं। FSSAI के नए आदेश के मुताबिक, अब सरसो किसी दूसरे खाद्य तेलों की मिलावट करने पर 1 अक्टूबर से पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्त को लिखे एक पत्र में, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कहा है, भारत में किसी भी अन्य खाद्य तेल के साथ सरसों तेल के सम्मिश्रण पर 1 अक्टूबर, 2020 से पूरी तरह रोक होगी।

कोरिया : अंजनी जलाशय में आई दरार व सलुस गेट टूटने से ग्रामीण चिंतित

नव प्रदेश संवाददाता

कलेक्टर की फटकार के पश्चात अधिकारियों ने अब शुरू किया बांध को बचाने का कार्य

लागत लगभग 22 करोड़ 16 लाख रु., 2013 में शुरू, वर्ष 2018 में हुआ पूरा

बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में इन दिनों जल संसाधन विभाग के द्वारा बनाये गए दर्जनों बांध रिसाव व टूटने को लेकर जिले में चरचा का विषय बना हुआ है जब कि हाल ही खाडा जलाशय के टूटने से शासन द्वारा दो अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है वही अब खड़गवां विकासखंड के ग्राम पंचायत तामडाँड़ में बने अंजनी जलाशय में आई दरार के कारण मट्टी धसकने व सलुस गेट टूटने से क्षेत्र के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है. जब कि अंजली जलाशय का निर्माण लगभग 3 वर्ष पूर्व ही पूरा किया गया है. यही कारण है कि तामडाँड़ में बने अंजनी जलाशय निर्माण कार्य पर सवाल उठ रहे है। वही जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आये।

वही यदि समय रहते विभाग ने सही तरीके से मरम्मत नही कराया तो खाडा जलाशय की तरह इस अंजनी बांध के टूटने से काफी ग्रामीणों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. इससे कई हेक्टेयर फसलों की बर्बादी हो सकती है कई घरों को काफी नुकसान भी हो सकता है बांध में आई दरार व सलुस गेट टूटने की जानकारी मिलते ही कलेक्टर कोरिया के फटकार के पस्चात अब विभाग के द्वारा दो दिन से ही इस पर कार्य किया जा रहा है लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही खड़ा जलाशय बांध टूटने की जानकारी कर्मचारियों को मिली थी लेकिन उसके बाद भी ना तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा सभी जलाशयों की जांच की गई अगर सभी जलाशयों की जांच की जाती तो आज अंजनी बांध में दरार आने की संभावना बहुत कम होती।वही मौजूद ग्रामीणों से जब जानकारी ली तो ग्रामीणों ने बताया कि अगर गेट से समय रहते पानी को निकाल दिया जाता तो आज इस तरह से बांध में दरार व सलुस गेट टूटने की शिकायत नहीं आती, कहीं ना कहीं जिम्मेदार कर्मचारी की लापरवाही ही इसका प्रमुख कारण हैं। अंजनी जलाशय में दरार व गेट टूटने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का हुजूम बांध पर आकर इकट्ठा हो गए जिसे पुलिस की सहायता से वहां से दूर किया गया। अधिकारी एवं कर्मचारी अंजनी जलाशय पर पानी के बहाव को रोकने का प्रयास करते नजर आए। जहां अब देखना यह होगा कि अधिकारियों का यह प्रयास अब कितना सफल होता हैं। विदित हैं कि कोरिया जिले में अंजनी जलाशय के निर्माण में अनियमितता मिलने के बाद पूर्व सिंचाई विभाग के सचिव सोनमणि बोरा ने सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर एसके रवि, ईई वीएस साहू , एसडीओ आगस्टीन टोप्पो और अंबिकापुर निवासी ठेकेदार सुनील सिंह को शो-कॉन नोटिस जारी किया था सभी से दस दिनों में जवाब मांगा गया था वही पूर्व प्रमुख सचिव बोरा जी को मौके पर जांच में भारी खामियां व गलतियां मिली थी जिस कारण जाच स्थल पर फटकार लगाने के साथ ही जिम्मेदार अफसरों और ठेकेदार से इस संबंध में जवाब मांगा गया था यदि समय रहते अधिकारियों ने ध्यान दिया होता तो शायद अंजनी जलाशय की टूटने की नोबत आज नहीं आती जिसके लिए कहि न कही अधिकारी ही जिम्मेदार हैं यह कहना भी गलत नही होगा। जबकि लगभग 22 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस जलाशय का काम 2013 में शुरू हुआ था, व यह वर्ष 2018 में पूरा हुआ। जब कि इसके पूरा हो जाने से तामदांड और रतनपुर गांव को सीधा फायदा होने की बात कही गई थी वही 1128 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा भी उपलब्ध होने का दावा किया गया था। जबकि जानकारी के मुताबिक निर्माण में तकनीकी नजरिए से गंभीर अनियमितता मिली थी। पूर्व प्रमुख सचिव वोरा ने पिंचिंग को फिर से उखाड़कर लगाने का निर्देश दिया था फिर भी जिले के जिमेदार अधिकारियों ने प्रमुख सचिव के बातों को ध्यान नही जिसका ही परिणाम हैं कि कुछ ही वर्षो में बांध में दरार व सलुस गेट टूट गए वही अब पानी का दबाव कम करने धीरे धीरे पानी छोड़ा जा रहा ताकि बांध को टूटने से बचाया

महत्वपूर्ण बिंदु

- प्रोजेक्ट के लिए सामग्री परिवहन के लिए बनाया मार्ग उचित नहीं है।
- पहाड़ के स्लोप को सही नहीं काटा गया है।
- सही स्लोप कटिंग के बाद ही काम होगा।
- नाला बंधान की पहाड़ी पर किया गया काम मापदंडों व तकनीकी के अनुरूप नहीं है।
- पिचिंग की प्रोफाइल तय स्लोप व लाइन में नहीं पाई है। यह काम नए सिरे से होगा।

19 अतिक्रमणकारी पर वन विभाग ने की कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद/ गरियाबंद वन विभाग को छुरा परीक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 322 एवं 323 में अतिक्रमण एवं कटाई के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर कार्यवाही करते हुए वन मंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल ने परिक्षेत्र अधिकारी छुरा को तत्काल मौका निरीक्षण कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

परिक्षेत्र अधिकारी छुरा के द्वारा 27 सितम्बर और 28 सितम्बर 2020 को क्षेत्र के समस्त कर्मचारियों के साथ देवरी बीट के वन क्षेत्र का भ्रमण किया गया एवं मौका अनुसार कार्यवाही चालू की गई द्य 28 सितम्बर 2020 को उप वनमंडल अधिकारी राजिम अतुल श्रीवास्तव द्वारा भी मौका निरीक्षण किया गया एवं कर्मचारियों को अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त आदेश के परिपालन में परीक्षेत्र अधिकारी छुरा ने 19 अतिक्रमणकारियों को कक्ष क्रमांक 322 एवं 323 में अतिक्रमण करने के कृत्य करने हेतु अपराध पंजीबद्ध किया गया द्य ग्राम निशानी दादर के 10 अपराधी, ग्राम काटीदादर के 4 अपराधी एवं गनबोरा के 5 अपराधी जिनके द्वारा उक्त क्षेत्र में अतिक्रमण की कार्रवाई की गई उनके खिलाफ विभाग के द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं लोक संपत्ति अधिनियम की धारा 3 और 4 को लगाकर 29 मई को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

> कोरोना महामारी के बीच ग्रामीणों के द्वारा उक्त कृत्य अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी ग्राम वासियों से अनुरोध किया गया कि इस महामारी के दौरान सभी नियम का पालन करें एवं जंगल और जंगली जानवरों की रक्षा हेतु विभाग का सहयोग करें।
>
> **मयंक अग्रवाल, वन मंडल अधिकारी गरियाबंद**

अपनी 8 मांगों को लेकर घर बैठे कर रहे शासकीय कर्मचारी संघ का विरोध प्रदर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ से संबद्ध है जोकि पूरे देश में 27 राज्यों के कर्मचारियों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है,जिसके आव्हान पर दिनांक 29 सितंबर को प्रदर्शन कर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है,कर्मचारियों की निम्नलिखित मांगो के प्रति सहानुभूतिपूर्ण निर्णय लेकर कर्मचारी हित में निर्णय लेने की मांग की जा रही है।कोविड 19 लॉकडाउन को देखते हुए अलग अलग जिलों में घर बैठ के ही विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

प्रदेश के साथ साथ गरियाबन्द जिले में भी कर्मचारियों ने अपना विरोध दर्ज कराया है । संगठन के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन सौंपने वालो में जिलाध्यक्ष लखन साहू, प्रदेश सचिव तेजेश शर्मा वि.ख.अध्यक्ष एम.आर.खान कार्यकारी जिलाध्यक्ष हुकुम सिन्हा, शिव सिन्हा,बसन्त मिश्रा,ललित साहू, दिनेश सांडिल्य,कोमल ध्रुव,उमाशंकर साहू,अनूप महाडिक, थम्मन देव सहित कर्मचारियों ने अपना विरोध दर्ज कराया है।

प्रमुख मांगे

1, एन पी एस रद्द कर,पुरानी पेंशन योजना बहाल किया जाए।
2 कोविड 19 में रोकथाम में लगे कर्मचारियों का सुरक्षा बीमा अनिवार्य रूप से किया जाए।
3 ठेका प्रथा पर रोक लगा कर,रिक्त पदों पर नियमित भर्ती किया जाए,अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए।
4 जन घोषणा पत्र के क्रियान्वयन में अल्प मानदेयी, दैनिक वेतन भोगी तथा जिन्हें पूर्ववती सरकार द्वारा बेरोजगार कर दिया गया था जैसे बाल श्रमिक, विद्यालय के शिक्षक तथा कर्मचारियों को वापस कार्य पर लिया जाए। जिनका वेतन कलेक्टर दर से भी कम है ऐसे छोटे-छोटे कर्मचारियों की मांगों पर प्राथमिकता दी जाए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका,कोटवार,भंडार गृह, निगम के कर्मचारी,प्रशिक्षित गौसेवकों,मंध्यान्ह भोजन रसोईया,सफाई सेवक,ग्राम पटेल,जनस्वास्थ्य रक्षक, मलेरिया वर्कर,पंचायत सचिव,तथा संविदा कर्मचारी जिनमे शामिल हैं।
5 लिपिक सहित समस्त संवर्ग महिला पर्यवेक्षिका, अधिनस्थ लेखा सेवा सहित अन्य संवर्ग के वेतन विसंगति दूर करने की कार्यवाही की जाए।
6 अनुकंपा नियुक्ति पर रोक हटाकर पूर्व राज्य परिवहन निगम के 10 वर्षों से पीड़ित कर्मचारियों को माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार तत्काल आदेश जारी किया जाए सभी विभागों में प्रतिबंध समाप्त कर एक सप्ताह में नियुक्ति पत्र जारी करने का निर्देश दिया जाए।
7 वेतन वृद्धि,डी ए,सातवें वेतन आयोग के एरियर के भुगतान संबंधी रोक हटाई जाए कथा मूलभूत नियम में परिवीक्षा वेतन संबंधी संशोधन वापस लिया जाए।
8 स्वास्थ्य विभाग में हड़ताल में गए बर्खास्त किए गए संविदा कर्मचारियों को बहाल किया जाए उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक चर्चा कर निर्णय लिया जाए।

अब लोगों को मिली राहत, डौंडी में रुकने लगी रेल

नव प्रदेश संवाददाता

डौंडी । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा डौंडी के रेलवे हाल्ट स्टेशन प्लेटफार्म की ऊंचाई ढाई फीट ऊपर उठाया जा रहा है ताकि कमजोर और वृद्ध लोगो को रेलगाड़ी में आसानी चढ़ने में सुविधा हो सके ज्ञात हो कि रायपुर से केवटी तक चलने वाली यात्री पैसेंजर के लिए डौंडी हालट स्र्टेशन में रेलगाड़ी रायपुर से आते जाते समय के लिए 2 मिनट का हाल्ट दिया गया है जिसके तहत डौंडी सहित आसपास गांव के लोग भी रेल यात्रा का लाभ उठाते रहे हैं परंतु प्लेटफार्म से गाड़ी की ऊंचाई अधिक होने की वजह से महिलाओं वृद्ध कमजोर और बच्चे लोगों को चढने उतरने में काफी दिक्कत होती थी कई बार लोग जल्दबाजी में गिर जाते थे या फिर चढ़ नहीं पाते थे जिसे ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने जन सुविधा को लेकर डौंडी के प्लेटफार्म की ऊंचाई को बढ़ाने का काम पिछले दिनों से चल रहा है जानकारी के अनुसार रेल्वे प्रशासन द्वारा डोंडी के करीब 300 मीटर प्लेटफार्म पर ऊंचाई बढ़ाने का काम चल रहा है जो कि आगामी दिनों में पूर्ण हो जाएगा जिसका लाभ डौंडी सहित क्षेत्रवासियों को मिलेगा डोंडी के ज्ञानचंद बाघमार गिरीश सोनी मनीष झा दिनेश अग्रवाल ओमगोलच्छा गज्जू सोनी राजेंद्र नाहर सुरेश बाघमार भावेश जैन पारस जैन महावीर जैन बहादुर सोनी तहसील मुख्यालय है यहां पर ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारियों का दफ्तर यहां पर संचालित है साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण बैक कोआपरेटिव बैक उप डाकघर पुलिस थाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है डोंडी मे सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी निवास करते हैं परंतु रेलवे विभाग द्वारा यहां पर स्टेशन न देकर इसे मात्र हाल्ट स्टेशन का नाम दिया गया है जबकि डौंडी में पूर्व सुविधाओं के साथ रेलवे स्टेशन होना चाहिए जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके।

आरक्षक की नौकरी दिलाने 11 लाख 50 हजार की घोखाधड़ी

कवर्धा(नवप्रदेश)। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक के0 एल0 ध्रुव के निर्देशन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक निमितेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कवर्धा के अपराध क्रमांक 238/2020 धारा 420 भादवि के आरोपी प्रधान आरक्षक कमांक 08 अनिल कुमार ठाकुर पिता स्व. उमाशंकर ठाकुर उम्र 47 साल साकिन तीसरी वाहिनी अमलेश्वर दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रार्थीगणों से छ.ग. सशस्त्र बल में जीडी आरक्षक के पद पर नौकरी दिलाने के नाम से 11 लाख 50 हजार रूपये घोखाधड़ी किया गया था । जिसके पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा टीम गठित किया गया था। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी का इंडोर स्टेडियम रायपुर में होने की सूचना पर घेराबंदी कर आरोप पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया है । जिसे दिनांक 29.09.2020 को गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त आरोपी के विरुद्ध अभियुक्त स्थायी वारंट सक्षम न्यायालय द्वारा जारी किया गया था स्थायी वारंट तामिल किया गया।

नव प्रदेश की अपील — कोरोना से बचाव ही सुरक्षा, मास्क पहने, सामाजिक दूरी का पालन करें।

खरोरा : कोराना संक्रमण से पहली मौत, दहशत में लोग

खरोरा। नगर के वार्ड क्र. 09 की निवासी 65 वर्षीय महिला को सांस लेने मे हो रहे दिक्कत पर परिजनों द्वारा खरोरा के एक निजी अस्पताल मे इलाज के लिये ले जाने पर वहां के डाक्टरों ने पिडित महिला की गंभीर स्थिति देख उनके परिजनों को तत्काल पिडिता को मेकाहरा रायपुर ले जाने की सलाह दी

परिजनों द्वारा 108 एंबुलैंस से महिला को मेकाहारा रायपुर ले जाया गया वहां पर इलाज के दौरान महिला को कोराना संक्रमण के लक्षण दिखने पर कोवीड जांच किया गया मगर दुभाग्य से कोवीड जांच की रिपोर्ट आने के पूर्व ही महिला की मौत हो गई मौत होने के अगले दिन 28 सितंबर को उक्त महिला की कोवीड जांच रिपोर्ट पाजिटिव आयी कोवीड से नगर मे पहली मौत की खबर से वार्ड क्रमांक 09 सहित नगरवासी सकते मे हैं। कोराना का खौफ तो है मगर इस महामारी से बचाव के लिये आवश्यक सावधानी पर लोगों का लपरवाही बरतने का सिलसिला भी जारी है सात दिवस का लाकडाउन के बाद अनलॉक होते ही जिस तरह बाजार , बैक , सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान व सार्वजनिक स्थल पर लोगों की आपा धापी ने स्वास्थ्य संगठनों की कोरोना संक्रमण के बचाव के सन्दर्भ मे जारी सारे ऐडवाईजरी की धज्जियां उड़ती नजर आयी बिना मास्क पहने तीन तीन सवारी के साथ दुपहिया वाहन सडकों पर बेखौफ दौड़ रही है। नगर मे कोवीड पाजिटिव ने 50 के आकंड़ों को पार कर लिया है परिक्षेत्र मे यह आंकड़े 200 के पार चले गये स्वास्थ्य विभाग के सूत्र के मुताबिक 300 कोवीड टेस्ट के रिर्पोट आना बाकी है।